संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -59 शनिवार ,30 दिसम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## सरकार ने उल्फा के साथ किया शांति समझौता

» गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- असम के लिए बड़ा दिन

» अमित शाह ने कहा कि असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने,संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमत हुआ है...



**नई दिल्ली,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम के वार्ता समर्थक गुट ने हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमति व्यक्त करते हुए शुक्रवार को केंद्र और असम सरकार के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये.।अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की उपस्थिति में यहां समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। अमित शाह ने कहा कि यह असम के लोगों के लिए बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा, असम लंबे समय तक उल्फा की हिंसा से त्रस्त रहा और वर्ष 1979 से अब तक 10 हजार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

उन्होंने कहा कि असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमत हुआ है। उन्होंने कहा कि समझौते के तहत असम को एक बड़ा विकास पैकेज दिया जाएगा।

शाह ने कहा कि समझौते के प्रत्येक खंड को पूरी तरह से लागू किया जाएगा. उन्होंने कहा कि अब असम में हिंसा की घटनाओं में 87 प्रतिशत, मौत के मामलों में 90 प्रतिशत और अपहरण की घटनाओं में 84 प्रतिशत की कमी आई है।

### सीएम सरमा ने समझौते को बताया ऐतिहासिक

मुख्यमंत्री सरमा ने समझौते को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री शाह के मार्गदर्शन और नेतृत्व के कारण संभव हो सका है।

### 12 साल वार्ता के बाद हुआ है समझौता

अधिकारियों ने बताया कि अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले उल्फा गुट और सरकार के बीच 12 साल तक बिना शर्त हुई वार्ता के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस शांति समझौते से असम में दशकों पुराने उग्रवाद के खत्म होने की उम्मीद है।

### परेश बरुआ गुट समझौते का हिस्सा नहीं

परेश बरुआ की अध्यक्षता वाला उल्फा का कट्टरपंथी गुट हालांकि इस समझौते का हिस्सा नहीं है. ऐसा माना जाता है कि बरुआ चीन-म्यांमार सीमा के निकट एक स्थान पर रहता है।

### 1979 में हुआ था उल्फा का गठन

उल्फा का गठन 1979 में ''संप्रभु असम की मांग को लेकर किया गया था. तब से, यह विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहा है जिसके कारण केंद्र सरकार ने 1990 में इसे प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया था।

### राजखोवा गुट 2011 में शांति वार्ता में हुआ था शामिल

राजखोवा गुट तीन सितंबर, 2011 को सरकार के साथ शांति वार्ता में उस समय शामिल हुआ था, जब इसके और केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच इसकी गतिविधियों को रोकने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

## राजस्थान में भजनलाल सरकार का कैबिनेट विस्तार आज



» शाम 3.15 मिनट से शुरू होगा शपथ ग्रहण,कार्ड जारी

**जयपुर,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** राजस्थान में भजन लाल शर्मा सरकार के कैबिनेट विस्तार को लेकर जारी खींचतान अब समाप्त होने जा रही है। आज यानी की 30 दिसंबर को मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। मंत्रियों के शपथ ग्रहण के लिए जारी हुए कार्ड भी सामने आ गए है। राजस्थान में कैबिनेट विस्तार पर जारी सस्पेंस अब समाप्त हो गई है। 3 दिसंबर को जारी हुए चुनावी नतीजे के बाद 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दो डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेम चंद्र बैरवा के साथ पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। जिसके बाद से कैबिनेट विस्तार को लेकर लगातार अटकलें लग रही थी. लेकिन अब अटकलों का दौर समाप्त हो गया है। राजस्थान में आज यानी की 30 दिसंबर को भजन लाल सरकार का कैबिनेट विस्तार होगा।राजभवन में मंत्रियों के शपथ ग्रहण की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंत्रियों के शपथ ग्रहण को लेकर जारी हुए कार्ड भी सामने आ गए हैं. जिसमें 30 दिसंबर को शाम 3.15 मिनट से राजभवन में शपथ ग्रहण की बात कही गई है। इससे पहले शुक्रवार को कैबिनेट विस्तार से पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तीसरी बार दिल्ली के रवाना हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### 42 अतिरिक्त आयुक्त, आयकर आयुक्त बने



**रायपुर,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय सेंट्रल बोर्ड टैक्स विभाग से 42 आईआरएस अधिकारियों को नए साल से पहले पदोन्नति को उपहार मिला है। पूरे देश में 42 अतिरिक्त आयुक्त अब आयकर आयुक्त बनाए गए है। बताया जा रहा है कि पैनल ईयर 2024 के लिए पदोन्नतियां हुई है।

### आप की मांग राज्यसभा सभापति ने खारिज की



**नई दिल्ली,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने आम आदमी पार्टी की उस अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें पार्टी ने राघव चड्ढा को अंतरिम तौर पर राज्यसभा में पार्टी का नेता बनाने की मांग की थी। बता दें कि यह मांग आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की तरफ से की गई थी।

### महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का पीएम आज करेंगे उद्घाटन



**अयोध्या,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम बदलकर महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने ट्वीट कर महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे अयोध्या धाम के शानदार दृश्य दिखाए है। जो आधुनिक बुनियादी ढांचे और भारत के सांस्कृतिक लोकाचार के एक सुंदर संगम के रूप में खड़ा है!

### यूपी के एसडीजी प्रशांत कुमार 1 जनवरी से संभालेंगे डीजी का पदभार

**लखनऊ,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** उत्तर प्रदेश के मौजूदा विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार एक जनवरी को राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का पदभार संभालेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1990 बैच के अधिकारी कुमार कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार से पदभार ग्रहण करेंगे।

## पीएम मोदी आज अयोध्या में

» सभी बड़े और छोटे वाहनों का किया मार्ग परिवर्तन



**अयोध्या,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने शुक्रवार को बताया कि 30 दिसंबर को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन के उद्घाटन कार्यक्रम को देखते हुए सुल्तानपुर जनपद से अयोध्या की तरफ जाने वाले सभी बड़े व छोटे वाहनों का मार्ग परिवर्तित किया जा रहा है।

पीएममोदी के अयोध्या आगमन को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए है। आम जनमानस की सहूलियत का भी ध्यान रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों अयोध्या हवाईअड्डे के नवनिर्मित भवन और पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन के उद्घाटन कार्यक्रम को देखते हुए सुल्तानपुर से अयोध्या की ओर जाने वाले सभी बड़े और छोटे वाहनों का मार्ग परिवर्तित किया जा रहा है।

### पीएम मोदी के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था

इतना ही पीएम मोदी के अयोध्या आगमन को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए है। आम जनमानस की सहूलियत का भी ध्यान रखा जाएगा। एडीजी जोन ने रामनगरी की सुरक्षा की कमान संभाली है। एडीजी जोन पियूष मिश्रा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के मानकों का पालन करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिला पुलिस और प्रशासन ने पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की है। डायवर्जन होगा लागू, पार्किंग की व्यवस्था, ड्रोन से नजर रखी जाएगी। शादी वर्दी में महिला और पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम को अच्छे ढंग से किया जाए संपन्न इसके लिए प्रतिबद्ध है।

## ललन सिंह की जगह नीतीश कुमार बने जनता दल यूनाइटेड चीफ

» पीएम फेस और बीजेपी से गठबंधन पर साफ कर दी तस्वीर



**नई दिल्ली,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** नई दिल्ली में जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद पार्टी चीफ की कमान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने हाथ में ले ली। इसको लेकर बीजेपी ने निशाना साधते हुए कहा कि इससे कुछ बदलने वाला नहीं है। वहीं नीतीश कुमार के करीबियों में कभी शामिल रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा और पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने कटाक्ष किया। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने पार्टी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हुए फैसले का राष्ट्रीय परिषद की मीटिंग में अनुमोदन किया गया। इसके तहत मीटिंग में ललन कुमार के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया गया. ऐसे में अब जेडीयू के चीफ नीतीश कुमार होंगे।

त्यागी ने बताया कि बैठक में चार राजनीतिक प्रस्ताव पारित किए गए हैं. उन्होंने कहा, जाति आधारित जनगणना को लेकर देशभर में प्रचार प्रसार किया जाएगा इंडिया गठबंधन का भी ये एजेंडा होगा। नीतीश कुमार जनवरी महीने में जनजागरण के लिए निकलेंगे। इसकी शुरुआत झारखंड से होगी। इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ सीटों के तालमेल पर और अन्य फैसलों पर नीतीश कुमार को अधिकृत किया गया है. संसद के शीतकालीन सत्र में सांसदों का निलंबन शर्मनाक है।

केसी त्यागी ने बीजेपी के साथ गठबंधन को लेकर भी रुख साफ किया. उन्होंने कहा कि जनता दल यूनाइटेड है। एनडीए में जाने के कयास मत लगाइए. राजनीति में कोई किसी का दुश्मन नहीं होता है. । नीतीश कुमार के चेहरे को लेकर केसी त्यागी ने कहा कि मुख्यमंत्री इंडिया गठबंधन के विचारों के संयोजक हैं और इंडिया गठबंधन के विचारों के प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि नीतीश कुमार चुनाव लड़ेंगे या नहीं यह अभी तय नहीं किया गया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में केसी त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल और जेडीयू के बीच कोई विवाद नहीं है। बिहार इंडिया गठबंधन के सीट बंटवारे के मामले पर मॉडल बनेगा। वहीं ललन सिंह ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि जो एजेंडा चला जा रहा था वह पूरी तरह गलत है, किसी तरह बीजेपी या एनडीए के साथ नहीं जा रहे हैं।. इंडिया गठबंधन को मजबूत करेंगे।

## मणिपुर कैडर की आईपीएस नीना सिंह बनीं सीआईएसएफ की पहली महिला डीजी

» अनीश दयाल और राहुल रसगोत्रा को मिली सीआरपीएफ और आईटीबीपी की कमान

**नई दिल्ली,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** केंद्र सरकार की अपॅ वाइंटमेंट कमेटी ने मणिपुर-कैडर के तीन आईपीएस अधिकारियों को केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बलों के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया।



नीना सिंह के रूप में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी आई एस एफ) को पहली महिला महानिदेशक मिल गई है। केंद्र सरकार की अप्वाइंटमेंट कमेटी ने उनके अलावा, अनीश दयाल सिंह को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का महानिदेशक नियुक्त किया है। वहीं राहुल रसगोत्रा को आईटीबीपी प्रमुख बनाया गया है। नीना सिंह मणिपुर कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह वर्तमान में सीआईएसएफ के विशेष महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। 31 जुलाई, 2024 तक नीना इस पद पर रहेंगी। सीआईएसएफ की स्थापना 1969 में की गयी थी। इस बल के पास देश के सभी हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो, सरकारी भवनों और रणनीतिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है।1.63 लाख अर्धसैनिक बल सीआईएसएफ में फ़िलहाल कार्यरत हैं। अब नीना सिंह इन अर्धसैनिक बलों की कमान संभालेंगी। अब तक सीआईएसएफ की कमान पुरुष ही संभाल रहे थे, लेकिन नीना सिंह की नियुक्ति ने इस परंपरा को तोड़ दिया है।

## भारत खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए अगले 5 साल में 50 सैटेलाइट भेजेगा

**मुंबई,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि भारत भू-खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए अगले पांच वर्षों में 50 उपग्रहों को प्रक्षेपित करने का लक्ष्य रख रहा है। उन्होंने कहा कि इनमें सैनिकों की आवाजाही पर नजर रखने और हजारों किलोमीटर क्षेत्र की तस्वीरें लेने की क्षमता के साथ विभिन्न कक्षाओं में उपग्रहों की एक परत का निर्माण शामिल होगा।




भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), बंबई के वार्षिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी समारोह 'टेकफेस्ट' को संबोधित करते हुए सोमनाथ ने कहा कि बदलावों का पता लगाने, आंकड़ों के विश्लेषण के लिए एआई से संबंधित और डेटा आधारित प्रयासों के मामले में उपग्रहों की क्षमता बढ़ाना अहम है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत राष्ट्र बनने की भारत की आकांक्षा को साकार करने के लिए, इसके उपग्रह बेड़े का वर्तमान आकार पर्याप्त नहीं है और इसे ''आज की क्षमता के मुकाबले दस गुना'' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरिक्षयान देश की सीमाओं और पड़ोसी क्षेत्रों पर नजर रखने में सक्षम हैं।

सोमनाथ ने कहा, ''यह सब उपग्रहों से देखा जा सकता है। हम इसे संभालने के लिए उपग्रह प्रक्षेपित कर रहे हैं, लेकिन अब सोचने का एक अलग तरीका है और हमें इसे और अधिक महत्वपूर्ण तरीके से देखने की जरूरत है क्योंकि (किसी भी) राष्ट्र की शक्ति उसकी यह समझने की क्षमता है कि उसके आसपास क्या हो रहा है।''

इसरो प्रमुख ने कहा, ''हमने अगले 5 वर्षों में 50 उपग्रहों को अंतिम रूप देने के लिए उनका संयोजन कर लिया है और इसे अगले पांच वर्षों से अधिक समय में इस विशेष भू-खुफिया जानकारी संग्रह में सहायता के लिहाज से भारत के लिए भेजा जा रहा है।'' सोमनाथ ने कहा कि अगर भारत इस स्तर पर उपग्रहों का प्रक्षेपण कर सकता है तो देश के सामने आने वाले खतरों को बेहतर तरीके से कम किया जा सकता है।




### ममता और अखिलेश के बाद अब शिवसेना ने फंसा दिया आईएनडीआई गठबंधन का मामला ?

**नई दिल्ली,29 दिसम्बर 2023 (ए)।**लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में जुटा विपक्ष एक बार फिर बिखरता दिख रहा है। कभी कांग्रेस साथी पार्टियों पर हमला बोल रही है, तो कभी दूसरी विपक्षी पार्टियां कांग्रेस को निशाना बना रही है। इस बीच अब टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और शिवसेना ने कांग्रेस पार्टी को अपने तेवर दिखाए हैं।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि इंडी गठबंधन पूरे देश में होगा, लेकिन बंगाल में टीएमसी अकेली लड़ेगी और भाजपा को हराएगी। ममता ने कहा कि बंगाल में केवल टीएमसी ही भाजपा को सबक सिखा सकती है, कोई दूसरी पार्टी नहीं।सीएम ममता ने बीते दिन उत्तर 24 परगना जिले में बांग्लादेश मूल के लोगों की बड़ी आबादी तक पहुंच बनाने के उद्देश्य से भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए नागरिकता के मुद्दे में हेरफेर करने का आरोप लगाया।हाल ही में महाराष्ट्र की सीटों को लेकर इंडी गठबंधन में टकराव की बात सामने आई। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) ने महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 23 सीटों की मांग की है, जिसे कांग्रेस ने मना कर दिया।

## क्रूरता साबित होने पर तलाक मांगा जा सकता है

**प्रयागराज ,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उस पति की याचिका खारिज कर दी, जिसने अलग रह रही पत्नी के कहने पर पारिवारिक अदालत द्वारा अपनी शादी को तोडने को इस आधार पर चुनौती दी थी कि एक बार क्रूरता पाए जाने पर तलाक लेने की कार्रवाई का कारण बनता है। इसके अलावा, अदालत ने कहा कि क्रूरता के मामलों में, अदालत को वैवाहिक संबंध बहाल करने का आदेश पारित करने से पहले अन्य परिस्थितियों पर भी गौर करना चाहिए। न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ ने हेमसिंह उर्फ टिंचू द्वारा दायर पहली अपील को खारिज करते हुए कहा, एक बार जब क्रूरता साबित हो जाती है, तो




तलाक लेने की कार्रवाई का कारण बनता है। उसके बाद पार्टियां अपना आचरण कैसा रखेंगी, यह एक प्रासंगिक फैक्टर बना रह सकता है। फिर भी, कानून का कोई नियम उत्पन्न नहीं हो सकता है जो अदालत को अन्य उपस्थित परिस्थितियों को देखे बिना, पक्षों के बीच वैवाहिक संबंध बहाल करने के लिए आदेश पारित करने का निर्देश दे सकता है। अपीलकर्ता पति हेमसिंह ने प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय इटावा के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसने उसकी पत्नी के कहने पर उसकी शादी को समाप्त कर दिया था। अदालत ने पाया कि प्रतिवादी पत्नी ने क्रूरता के आधार पर विवाह विच्छेद की मांग की थी। अदालत ने अपने फैसले में माना कि क्रूरता का कृत्य स्थापित हुआ और पति द्वारा दायर पहली अपील को खारिज कर दिया।

## 7 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** दिल्ली और जयपुर सहित आधा दर्जन से अधिक हवाईअड्डे और विमानों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले। सूत्रों ने बताया कि गुरूवार रात करीब 10.23 बजे एक ईमेल आया जिसमें दावा किया गया कि दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़, मुंबई, चेन्नई और अहमदाबाद हवाईअड्डों पर बमबारी की जाएगी। जयपुर एयरपोर्ट पर आधिकारिक कस्टमर केयर आईडी पर धमकी भरा ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के



अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और स्थानीय पुलिस की मदद से एयरपोर्ट और वहां उतरने वाले विमानों की जांच, तलाशी और सैनिटाइजेशन शुरू कर दिया। पुलिस को अब तक तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है और सीआईएसएफ ने अब जयपुर एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस बीच, इस बात की जांच की जा रही है कि कस्टमर केयर की आईडी पर एयरपोर्ट निदेशकों को ईमेल किसने भेजा।

## संपादकीय


# मुआवजे तक में मुश्किल

यह भारत में मानवीय गरिमा के प्रति बेरुखी का प्रमाण है कि देश में आज भी हजारों लोग सीवरों और सेप्टिक टैंकों की सफाई करने के लिए उनमें उतरने के लिए मजबूर हैं, जबकि 2013 में ही इस चलन पर कानूनन प्रतिबंध लगा दिया गया था।

भारत में आज इंसान के हाथों सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई बड़ी समस्या बनी हुई है। असल में यह देश के चेहरे पर एक बदनुमा दाग भी है। यह भारत में मानवीय गरिमा के अनादर और उसके प्रति बेरुखी का प्रमाण है कि देश में आज भी हजारों लोग सीवरों और सेप्टिक टैंकों की सफाई करने के लिए उनमें उतरने के लिए मजबूर हैं,जबकि साल 2013 में ही इस चलन पर कानूनन प्रतिबंध लगा दिया गया था। जाहिर है, वह पाबंदी सिर्फ कागज पर सिमट कर रह गई है। संसद के हाल में खत्म हुए सत्र में सरकार ने बताया कि इस साल 20 नवंबर तक सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान 49 मौतें दर्ज की गईं। अब ताजा खबर यह है कि सीवर में उतरने के कारण जो मजदूर मर जाते हैं, उन्हें मुआवजा देने में अपेक्षित तत्परता नहीं दिखाई जाती। इसी साल अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट ने सीवर की सफाई के दौरान होने वाली मौतों के बारे में एक अहम आदेश जारी किया था।

कोर्ट ने कहा था कि जो लोग सीवर की सफाई के दौरान मारे जाते हैं, उनके परिवार को सरकार को 30 लाख रुपए की सहायता देनी होगी। सीवर की सफाई के दौरान स्थायी विकलांगता के शिकार होने वाले मजदूरों को न्यूनतम 20 लाख रुपए और किसी अन्य विकलांगता से ग्रस्त कर्मियों को 10 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश न्यायालय ने दिया। इसके पहले 2014 में भी सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश दिया था, जिसमें मृतकों को दस लाख रुपए की सहायता देने को कहा गया था। अब सामने आया है कि 1993 से इस साल 31 मार्च तक देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सीवर में होने वाली मौतों की 1,081 घटनाओं में से 925 मामलों में ही मुआवजे का भुगतान किया गया है। यह आंकड़ा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने दिया है। इसके मुताबिक 115 मामलों में अभी भी मुआवजा दिया जाना बाकी है। जबकि 41 मामलों को राज्यों सरकारों ने बंद कर दिया है, क्योंकि उनके मुताबिक मृतकों के कानूनी वारिस का पता नहीं लगाया जा सका।

# भारतीय राजनीति में पक्ष-विपक्ष में बढ़ती दूरी



गत 21 दिसम्बर को संसद का शीतकालीन सत्र अनिश्चत काल के लिए स्थगित हो गया । यह सत्र कई मायनों में उल्लेखनीय रहा है । इस सत्र में कई महत्वपूर्ण बिल पारित हो गये । दण्ड संहिता से सम्बन्धित आई.पी.सी., सी.आर.पी.सी. जैसे अंग्रेजों के काल से चले आ रहे तीन नये बिल लाये गये । गृहमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों के बनाये ये कानून दण्ड देने के लिए थे । गुलाम मानसिकता से छुट्टी पा कर नये बिल न्याय देने के लिए हैं। अब दण्ड संहिता की पुरानी धाराओं के स्थान पर नयी धाराएं आ गई हैं । राजद्रोह की जगह इसे देशद्रोह किया गया है । इसी प्रकार मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य आयुक्तों की नियुक्ति सम्बन्धी कमेटी की सदस्यता बदल दी गई है । अब मुख्य न्यायाधीश के स्थान पर प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक मंत्री सदस्य होगा। यानि प्रधानमंत्री, एक अन्य मंत्री और विपक्ष का लीडर । अब निश्चय ही मनचाहा व्यक्ति नियुक्त किया जा सकेगा । यूं पहले भी नियुक्त आयुक्त कुछ स्वतंत्र होकर कार्य करते नहीं दिखते थे । कुछ साल पहले एक आयुक्त ने प्रधानमंत्री की सभाओं पर अपना विमत दिया था जो सार्वजनिक नहीं होने दिया । यह भी आरोप है कि बाद में उस आयुक्त को, उसकी पत्नी, पुत्रों को शासन की एजेन्सियों द्वारा प्रताड़ित किया गया । यह बात दूसरी है कि शेसन के समय माहौल कुछ और था । अस्तु, मुख्य बात यह है कि ये सभी महत्वपूर्ण बिल बिना बहस के पारित हो गये क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा के धीरे-धीरे दिन पर दिन 146 सदस्यों को निष्कासित कर दिया गया । इस बार संसद सचिवालय ने निलम्बित सदस्यों को लाबी, गैलरी व अपने कक्ष में जाने से भी वंचित कर दिया । मानों ये अब सांसद ही नहीं है । कानून वेक्ता कहते हैं यह आदेश सिरे से गलत है क्योंकि निष्कासन मात्र कार्यवाही में भाग न ले सकने को कहते हैं । जो भी हो संसदीय कार्य मंत्री की अनुशंसा के बाद राज्यसभा के सभापति या लोकसभा के अध्यक्ष ने इन 146 सदस्यों को शेष सत्र के लिए निष्कासित कर दिया । कुछ सदस्यों का मामला प्रिविलेज कमेटी को भी भेजा गया ।

कुल मिलाकर यह स्थिति भारतीय राजनीति का काला पक्ष है क्योंकि पक्ष और विपक्ष दोनों के संयोग से संसदीय कार्य सम्पन्न होते हैं ।

मेरे अंग्रेज मित्र पत्रकार जो लंदन से छपने वाले गार्जियन और डेली टेलीग्राफ दैनिकों के लिए लिखते हैं और वे ब्रिटिश पार्लियामेंट को कवर करते हैं, बतलाते हैं कि वहां सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष की पार्टी के सदस्यों में परस्पर सौहार्द रहता है । संयुक्त क्रिकेट मैच होते हैं, साथ-साथ लंच होता है, साथ-साथ पिकनिक होती है और लेबर और कंजरवेटिव पार्टी के सदस्य एक ही कार में संसद में आते दिखलाई देते हैं । अब यह कहा जा सकता है कि यह तो गुलाम मानसिकता वाले देश का उदाहरण है, तो भारतीय उदाहरण में कुरुक्षेत्र युद्ध में पाण्डव शाम ढलते कौरवों के कैम्प में जाकर भीष्म पितामह के घावों में मलहम लगाते थे ।

असल में दोनों पक्षों को आत्म चिंतन की जरूरत है । यदि राज्यसभा के सभापति की नकल उतारना गलत है तो प्रधान सेवक द्वारा राहुल गांधी की नकल उतारना भी गलत है। यह कहना भी गलत है कि बरसाती पहनकर नहाना तो कोई डाक्टर साहब से पूछे । यह कटाक्ष डॉ. मनमोहन सिंह के लिए था ।

कोई भी राजनैतिक दल हो, उसके प्रवक्ता टी.वी. चैनलों में अन्य दलों को कोसते रहते हैं । इसके बात-बात में भाजपा या कांग्रेस या सपा या आप या टी.एम.सी. के प्रवक्ता किसी भी मुद्दे का मीडिया ट्रायल करते हैं । इस पर तो सर्वोच्च न्यायालय को रोक लगानी चाहिए क्योंकि अनेक बार न्यायालयों में लंबित केसों पर भी इनके द्वारा टिप्पणी करती देखी जा सकती है । स्वस्थ राजनीति में पक्ष और विपक्ष एक हैं । दोनों के सहयोग से प्रजातंत्र पुष्ट होगा !

-अजय दीक्षित-

## मेरी जान

मेरी जान,कभी ऐसा ना करना,
कि मैं रूठ जाऊँ तों
मुझे अकेला मत छोड़ना
मैं कभी रों दुँ, तों मुझे चुप कराना।
बिना बात के,मुझसे रुठ ना जाना।
कुछ गलती हों जाए,
तों प्यार सें समझाना।
कभी शक हों जाए ,
तों मुझसे एक बार बात करना।
इस प्यार के बधंन को,
कभी भूल मत जाना।
अपने घर को बचाना,बड़े प्यार सें
सजाया हैं कभी इसे
बर्बाद ना होनें देना।
मेरी जान मुझे बस अपनें संग ही
रखना,किसी और के भरोसे
छोड़ ना देना।
मुझे हमेशा अपनी इज्जत समझना,
बाजारों में निलाम ना करना।।



मुस्कान केशरी
मुजफ्फरपुर
बिहार

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# अपराधों से जूझती आधी आबादी

'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो' प्रतिवर्ष महिलाओं पर अपराधों की रिपोर्ट जारी करता है लेकिन इससे प्रेरित होकर कहीं कोई कार्रवाई होती नहीं दिखती। विचित्र यह है कि महिलाओं पर होने वाले अपराधों में उत्तर भारत के राज्य हर बार 'बाजी' मार लेते हैं। क्या कहते हैं 'एनसीआरबी' के ताजा आंकड़े?



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़,
नई दिल्ली

'एनसीआरबी' (राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना भी दावा करे, वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है। उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तरप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई हैं।

महिलाओं के खिलाफ अपराध में दिल्ली लगातार तीसरे साल 19 महानगरों में सबसे आगे है। सभी राजनीतिक दल चुनावों में घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों पर 'एनसीआरबी' के आंकड़ों से साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। विडंबना है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपी निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसद क्रूरता, 19.2 फीसद अपहरण, 18.7 फीसद बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसद बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान में, 3690 मामले उत्तरप्रदेश, 3029 मध्यप्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए।

दिल्ली और राजस्थान जहां महिलाओं के लिए सबसे




असुरक्षित राज्य हैं, वहीं दहेज के लिए जान लेने वालों में पहले स्थान पर उत्तरप्रदेश और दूसरे पर बिहार है। उत्तरप्रदेश में दहेज के लिए 2138 और बिहार में 1057 महिलाओं की हत्या कर दी गई, जबकि मध्यप्रदेश में 518, राजस्थान में 451 और दिल्ली में 131 महिलाओं की हत्या दहेज के लिए की गई। 'एनसीआरबी' के अनुसार प्रति एक लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसद से बढ़कर 2022 में 66 फीसद हो गई, जिसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए। ये 2021 के 43,414 मामलों की तुलना में 12.3 फीसद ज्यादा हैं। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम दावों, वादों और नारों के बाद भी आखिर देश में ऐसे अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? कितनी चिंतनीय स्थिति है कि जिस भारतीय संस्कृति में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है, वही नारी घर में भी सुरक्षित नहीं है। परिजनों के हाथों घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, झूठी शान के लिए हत्या, बलात्कार और सहजीवन में जान गंवाने के मामले में स्थिति काफी दयनीय है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि महिलाएं न परिवार में, न आस-पड़ोस में और न ही बाहर के वातावरण में खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं।

'राष्ट्रीय महिला आयोग' के आंकड़े देखें तो 2023 के 19 सितंबर तक ही महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल 20,693 शिकायतें मिलीं, जिनके इस वर्ष के अंत तक बढ़ने की संभावना है। वर्ष 2022 में आयोग को 30,957 शिकायतें मिली थीं, जो 2014 के बाद सर्वाधिक थी। वर्ष 2014 में 30,906 और 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 30 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली थी। आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायत दर्ज की। सर्वाधिक शिकायतें गरिमा के साथ जीने के अधिकार को लेकर दर्ज की गई, उसके बाद घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार की शिकायतें हैं। दिल्ली में 'निर्भया कांड' के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम कसने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए, उससे लगा था कि समाज में संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्त्वों के हौसले पस्त होंगे, पर शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले सामने न आते हों। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैर-जिम्मेदाराना रवैया दिखता है। यह निश्चित रूप से कानून-व्यवस्था और पुलिस- प्रशासन की उदासीनता का ही नतीजा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों में शायद ही कभी खौफ दिखता हो।

कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी-दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों, छेड़छाड़, मर्यादा हनन या फिर अपहरण, क्रूरता, आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्त्वों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती। स्पष्ट है, केवल कानून कड़े कर देने से महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों पर लगाम नहीं कसी जा सकेगी। इसके लिए जरूरी है कि सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त करने के साथ उसकी जबाबदेही सुनिश्चित करें। ऐसे मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन की जिस तरह की भूमिका सामने आती रही है, वह काफी हद तक इसके लिए जिम्मेदार है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का काम करती रही है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी होगी?

## नव सृजनता का नव निर्माण करें

नव सृजनता का नव निर्माण करें
नव वर्ष के भोर का गुणगान करें
नव दिवस है और, नव अवसर हैं
मिलकर सब इसका सम्मान करें।
आओ मिलकर यह आशीष मांगें
दिलों में मानवता का, संचार करें
नियति के हे नियंता ये पुकार सुने
मानव-मानव आपस में प्यार करें।
दिलों में हर पल, यह सद्भाव रहे
मन सद्भावों का, यह विचार करे
तम अभिमान, कभी पास न रहे
संस्कारों को मन, अंगीकार करे।
सब का जीवन, नीत सुखमय हो
आओ हम सब, यह सदाचार करें
जीवन से सब का, तम मिट जाए
आओ ऐसा कुछ, मंगलाचार करें।।



अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ

## परख

क्या हुआ दीपू बेटा? तुम तैयार नहीं हुई? आज तो तुम्हें विवेक से मिलने जाना है। दीपिका को उदास देखकर उसके दादा जी ने उससे पूछा।
तैयार ही हो रही हूँ दादू। दीपिका ने बुझे मन से कहा।
पर तुम इतनी उदास क्यों हो?
पापा ने मुझे कहा है कि आज ही विवेक से मिलकर शादी के लिए कन्फर्म कर दूं।
तो इसमें प्रॉब्लम क्या है बेटा?
आप ही बताओ दादू! एक बार किसी से मिलकर उसे शादी के लिए कैसे फाइनल कर सकते हैं ?
तो एक-दो बार और मिल लेना। मैं तुम्हारे पापा से बात कर लूंगा।
पर दादू एक-दो बार में तो हर कोई अच्छा ही बनता है। दीपिका ने मुँह बनाते हुए कहा।
अच्छा ये सब छोड़, मुझे कुछ खाने का मन कर रह है तो पहले ऐसा कर मेरे लिए पका फल ले आ।
दीपू गई और किचेन से एक पीला-पीला मुलायम अमरूद ले आई, ये लीजिए दादू आपका फल।
दीपू बेटा एक बात बता, किचेन में तो कितने सारे अमरूद थे, फिर तू यही वाला क्यों लाई?
आपने ही तो कहा था पका हुआ फल लाना।
पर तुझे कैसे पता ये पका हुआ है?
ये क्या बात हुई दादू? दीपिका ने झुंझलाते हुए कहा।
अरे बेटा बता न? तूने पके फल की पहचान कैसे करी?
एक तो दीपिका पहले से ही परेशान थी उसपर से दादा जी के सवालों से उसे और चिड़चिड़ाहट हो रही थी फिर भी उसने जवाब दिया, क्योंकि पका हुआ फल एक तो नर्म हो जाता है, दूसरा वह मीठा हो जाता है और तीसरा उसका रंग भी बदल जाता है।
बिल्कुल सही! ठीक इसी तरह एक अच्छे व्यक्ति की भी तीन पहचान होती है, पहली उसमें नम्रता, दूसरी उसकी वाणी मे मिठास और तीसरी उसके चेहरे पर आत्मविश्वास का रंग। समझी, दीपू बेटा?
जी दादू! मैं आपका मतलब समझ गई। दीपिका ने मुस्कुराते हुए कहा।
चलो अब ज्यादा मत सोचो, जल्दी से तैयार होकर जाओ, विवेक भी इसी कश्मकश होगा।



सोनल मंजू श्री ओमर
राजकोट,
गुजरात

# खेल संभावनाओं को धक्का

पहलवानों में फैली बेबसी की भावना अब सामने आई है। लेकिन यह भावना सिर्फ उन तक ही सीमित नहीं होगी। अनुमान लगाया जा सकता है कि कुछ इलीट स्पोर्ट्स को छोड़कर बाकी पूरे दायरे में लड़कियों में असुरक्षा और बेबसी का भाव और गहरा गया होगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हरियाणा के एक अखाड़े में अचानक पहुंच जाने से पहलवानों की मौजूदा मनोदशा का अंदाजा देश को मिला है। महिला पहलवान विनेश फोगट के अपने खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कारों को लौटाने की घोषणा करने के एक दिन बाद सुबह-सुबह राहुल अखाड़े पर गए। इसके पहले बजरंग पुनिया अपना पद्मश्री लौटा चुके हैं और ओलिंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक के आंसू तमाम देशवासियों ने देखे हैं। राहुल ने अपने परिचित अंदाज में अखाड़े जाकर व्यायाम किया और पहलवानों के साथ नाश्ता किया। लेकिन यह बात अहम नहीं है। महत्त्वपूर्ण उनके दौरे के कारण जमीनी स्तर के पहलवानों को मीडिया के सामने आकर अपनी बात कहने का मिला मौका है। पहलवानों के सामने प्रस्तावित राष्ट्रीय टूर्नामेंट का सवाल आया। इस पर उन्होंने कहा कि ये टूर्नामेंट तो हो जाएगा, लेकिन उससे बड़ी समस्या पहलवानों और खासकर महिला पहलवानों के सामने है। जाहिर है, ये वही समस्या है, जिसको लेकर साक्षी मलिक और विनेश फोगट साल भर से संघर्ष कर रहे हैं।

जब यह पूछा गया कि क्या राहुल गांधी के आने से कोई फर्क पड़ेगा, तो एक पहलवान ने कहा कि उनके हाथ में क्या है, जो करना है, वह तो सरकार ही करेगी। ये टिप्पणियां पहलवानों में फैली बेबसी को जाहिर करती हैं। लेकिन यह भावना सिर्फ उन तक ही सीमित होगी, यह मानने का कोई कारण नहीं है। बल्कि अनुमान लगाया जा सकता है कि कुछ इलीट स्पोर्ट्स को छोड़कर बाकी पूरे दायरे में लड़कियों में असुरक्षा और बेबसी का भाव और गहरा गया होगा। आखिर जो अनुभव पहलवानों को हुआ, वह दूसरे खेलों की खिलाड़ियों के लिए भी असामान्य नहीं है। इस मामले में खास यह हुआ कि कुछ पहलवानों ने लड़ाई लड़ी। लेकिन पूरा सिस्टम- जिसमें सत्ता पक्ष भी है- आरोपी के बचाव में खड़ा नजर आया। अब डैमेज कंट्रोल के लिए कुछ कदम जरूर उठाए गए हैं, लेकिन उन कदमों की गंभीरता पर सवाल लगातार बना हुआ है। ऐसे सवालों के बीच खेल जगत में भारत के उत्थान की उम्मीदों का कोई मजबूत आधार नहीं हो सकता। असल में ऐसी उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है।

-मोहन कुमार-

## नववर्ष के दोहे

नया हौसला धारकर,
कर लें नया धमाल।
अभिनंदित करना हमें,
सचमुच में नव काल।।
नवल चेतना संग ले,
करें अग्र प्रस्थान।
होगा आने वाला वर्ष तब,
सचमुच में आसान।।
वंदन करने आ रहा,
एक नया दिनमान।
कर्म नया,संकल्प नव,
गढ़ लें नया विधान।।
बीती बातें भूलकर,
आगे बढ़ लें मीत।
तभी हमारी जिन्दगी,
पाएगी नव जीत।।
कटुताएँ सब भूलकर,
गायें मधुरिम गीत।
तब सब कुछ मंगलमयी,
होगा सुखद प्रतीत।।
देती हमको अब हवा,
एक नया पैग़ाम।
पाना हमको आज तो,
कुछ चोखे आयाम।।
कितना उजला हो गया,
देखो तो दिन आज।
है मौसम भी तो नया,
बजता है नव साज़।।
पायें मंज़िल आज तो,
कर हर दूर विषाद।
नहीं करें हम वक्त से,
बिरथा में फरियाद।।
साहस से हम लें खिला,
काँटों में भी फूल।
दुख पहले सुख बाद में,
यही सत्य का मूल।।
अभिनंदित हो वर्ष नव,
बिखरायें उल्लास।
कभी न भाई मंद हो,
पलने वाली आस।।



प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे
प्राचार्य मंडला,
मध्यप्रदेश

# स्त्री शक्ति के महत्त्व से ही राष्ट्र निर्माण में चौतरफा विकास

### नारी शक्ति को अब महत्व देने का अनुकूल समय



संजीव ठाकुर
चौबे कॉलोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़,

भारतीय संस्कृति और इतिहास में स्त्रियों को सदैव उच्च स्थान प्रदान किया गया है। यह भी मान्यता मानी गई है कि जिस घर में स्त्री का सम्मान होता है, वह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो कर समाज में विशिष्ट स्थान बनाता है। यही कारण है कि भारत देश को भारत माता कहा जाता है। नारी तथा समस्त स्त्री जाति ने भारत देश का मान सदैव शीर्षस्थ बना कर रखा है ऐसे अनगिनत उदाहरण इतिहास में और वर्तमान में हमारे समक्ष हैं जिससे हमारा सिर सदैव वैश्विक स्तर पर ऊंचा हुआ है। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरीय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है।

समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं। अतः महिलाओं की सामाजिक,शैक्षिक,धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा,सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, विजयलक्ष्मी पंडित विश्व की प्रथम महिला जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बनी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी जैसे महिलाओं ने राजनीतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण और विकास में किया है जो अपने समय के महत्वपूर्ण सशक्त हस्ताक्षर थी। वर्तमान में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी, हरसिमरन, कौर वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रतिभा पाटिल, मृदुला सिन्हा आदि ने राजनीति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने कार्यों से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया एवं देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दिया है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# चार साल तक 35 की जगह 10 किलो चावल देता रहा दुकानदार

## खाद्य विभाग से हुई मामले की शिकायत



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,29 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले में राशन दुकानदारों के द्वारा राशन लेने वाले हितग्राहियों के राशन पर किस प्रकार डाका डाला जा रहा है इसका पता एक हितग्राही के साथ पिछले चार साल से राशन दुकानदार द्वारा की जा रही ठगी से चल जाता है जिसमें 35 किलो चावल प्राप्त करने हेतु पात्र महिला हितग्राही को बीते 4 सालों से स्वयं सहायता समूह के द्वारा चलाए जा रहे राशन दुकान से सिर्फ 10 किलो चावल दिया जा रहा था। 4 सालों बाद दूसरे राशन दुकान से राशन उठाने पर महिला को उसके कार्ड में 35 किलो चावल मिलने की बात पता चली, जिसके बाद महिला ने इसकी शिकायत खाद्य अधिकारी से की है।

यह मामला किसी दूर दराज के ग्रामीण इलाके का नहीं बल्कि सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर का है, जहां शहर के नवागढ़ में रहने वाली हितग्राही डौली चौधरी को लरंगसाय स्वयं सहायता समूह घुटरापारा के द्वारा नवागढ़ में संचालित राशन दुकान से पिछले चार वर्षो से उसके कार्ड पर 10 किलो चावल प्रदान किया जा रहा था। हितग्राही के पास अंत्योदय का कार्ड है जिसपर वह 35 किलो चावल प्राप्त करने की अधिकारी थी।

हाल ही में जब महिला ने उक्त वार्ड से दूसरे वार्ड में किराये का घर लिया और पास के अन्य राशन दुकान में खाद्यान्न का उठाव करने के लिए पहुंची तो दूसरे राशन दुकान संचालक ने महिला को पूरे 35 किलो चावल प्रदान किये। इसपर हैरान महिला ने इस संबंध में दुकान संचालक से जानकारी ली जिसपर संचालक ने उसे बताया कि उसके कार्ड पर 35 किलो चावल प्राप्त करने की पात्रता है।

इसपर हतप्रभ महिला पुनः उस दुकान पर गई जहां पर उसे अब तक 10 किलो चावल प्रदान किया जा रहा था वहां डॉली चौधरी द्वारा जब दुकान संचालक से पिछले 4 वर्षो से 10 किलो ही चावल देने पर सवाल किया गया तो संचालक ने उसे पुनः 10 किलो चावल मिलने की ही बात कही और दूसरे दुकान से 35 किलो चावल प्रदाय की राशन कार्ड में हुई इंट्री को भी मात्रा के स्थान पर क्रमांक बताकर महिला को वापस भेज दिया।

4 वर्षो से ठगी का शिकार हो रही महिला ने इसकी शिकायत जिला खाद्य अधिकारी के कार्यालय में पहुंचकर की है। जिसपर महिला खाद्य निरीक्षक ने उसे आश्वासन दिया था परन्तु मामले में कोई कार्यवाही नहीं होने पर आज पुनः महिला ने खाद्य विभाग पहुंचकर मामले की शिकायत की। इस मामले में सहायक खाद्य अधिकारी ने शिकायत मिलने तथा खाद्य निरीक्षक द्वारा अब तक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने का हवाला देकर जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कार्यवाही करने की बात कही है।

# विद्यार्थी जीवन में खेल कूद का है महत्वपूर्ण स्थान



» सरस्वती महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सरस्वती महाविद्यालय सुभाष नगर अंबिकापुर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीपी तिवारी द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में बताया कि विद्यार्थी जीवन में खेल का महत्व पूर्ण स्थान है। साथ ही सर्वांगीण विकास के लिए भी सभी के जीवन में खेलकूद महत्वपूर्ण स्थान रखता है। साथ ही सभी को उत्साह के साथ भाग लेना चाहिए। सर्वप्रथम 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर दौड़ पुरुष एवं वह महिला को प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इसके बाद गोला फेक पुरुष महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और सबसे अधिक 7.40 मी छात्र द्वारा वह 6.2 मी छात्रा द्वारा फेंका गया। इसके बाद भाला फेंक प्रतियोगिता का छात्र छात्रों के लिए आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। साथ ही ऊंची कूद, लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएससी गणित प्रथम वर्ष के छात्र अरविंद ने लंबी कूद व ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का अंतिम खेल वॉलीबॉल पुरुष व महिला का हुआ। जिसमें एमएससी गणित के छात्र विवेक तिवारी बीसी के पीयूष पटेल के टीम ने 2-1 से मुकाबला जीत वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खो-खो कबड्डी क्रिकेट हैंडबॉल आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक प्रवीण शर्मा , मीना पटेल,मलय दास, प्रभाकर, संगीता सिंह, हीरालाल राजवाड़े दीपशिखा सिन्हा एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# पिकअप और बाइक की भिड़ंत,2 युवक की मौत

- संवाददाता -
बतौली,29 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।



बतौली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सेदम पुलिया के पास गुरुवार की रात पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए शांतिपारा अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन निजी वाहन से उसे इलाज के लिए अंबिकापुर मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम मंगारी जूनापारा निवासी बाबूलाल उरांव पिता सुखदेव उरांव उम्र 33 वर्ष व जयमल पिता स्व.मुंगला उम्र 35 वर्ष दोनों बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 5800 से सेदम ग्रामीण बैंक पैसा निकालने गए थे। शाम करीब 7.30 बजे दोनों वापस घर लौट रहे थे। तभी सीतापुर की ओर से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 15 ओक्यू 4632 से सेदम पुलिया के समीप आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुघटना में बाबूलाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जयमल गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए शांतिपारा अस्पताल ले जाया गया। यहां स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने अंबिकापुर रेफर कर दिया है। परिजन निजी वाहन से उसे इलाज के लिए अंबिकापुर मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान जयमल को मृत घोषित कर दिया।

## मोबाइल हैक कर युवक के खाते से कर लिया गया 1 लाख का ट्रांजेक्शन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मोबाइल हैक कर युवक के खाते से 1 लाख रुपए साइबर ठग ने उड़ा दिया। युवक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार रितेश गुप्ता शहर के मिशन चौक का रहने वाला है। 23 दिसंबर को आईसीआईसीआई बैंक का अधिकारी बताकर अज्ञात व्यक्ति ने रितेश के मोबाइल पर फोन किया और क्रेडिट कार्ड की जानकारी ली। इसके बाद इसका मोबाइल हैक लिया। मोबाइल पर कुछ काम नहीं हो रहा था। कुछ देर बाद रितेश के खाते से अलग-अलग किश्तों में 1 लाख 380 रुपए ट्रांजेक्शन हो गया। मोबाइल पर इसका तत्तकाल मैसेज भी नहीं आया। खाते से रुपए कटने की जानकारी होने पर रितेश ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 66 डी के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गेमस् फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित 1500 मीटर की दौड़

### जिले की कुमारी सोनिका राजवाड़े ने जीता स्वर्ण पदक

- संवाददाता -
सूरजपुर,29 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

शासकीय कन्या उ.मा.वि. सूरजपुर में अध्ययनरत छात्रा कुमारी सोनिका राजवाड़े को जिला प्रशासन की पहल से भोपाल के स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया (एसएआई ) में सीधे प्रवेश दिलाया गया था।



जिसके सुखद परिणाम आज जिले को प्राप्त हुए है। प्राप्त जनकारी के अनुसार स्कूल गेमस् फेडरेशन ऑफ इण्डिया (एसजीएफआई) द्वारा आयोजित दौड प्रतियोगिता में कुमारी सोनिका राजवाड़े ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। यह पदक उसने 1500 मीटर की दौड में हासिल किया है। जिससे न केवल सूरजपुर अपितु संभाग व राज्य का नाम भी गौरवान्तित हुआ है। कुमारी सोनिका राजवाड़े की इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल द्वारा छात्रा को बधाई दी गई व उसके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की गई।

# जिस पेड़ को काट रहा था ग्रामीण,उसी ने ले ली जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कहते हैं कि मौत का दिन निश्चित होता है, वह किस रूप में आएगी, किसी को पता नहीं होता है। ऐसा ही कुछ मैनपाट में एक ग्रामीण के साथ हो गया।



बुधवार को वह अपने खेत के पास साल के बड़े पेड़ को काट रहा था। आधा काटने के बाद वह पेड़ के नीचे ही विश्राम करने लगा। इसी दौरान हवा चली और पेड़ गिर गया, इस दौरान पेड़ के नीचे दब जाने से उसकी मौत हो गई। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसे खोजने पहुंचे तो नजारा देख उनके होश उड़ गए। उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

मैनपाट के कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परपटिया के ढोलपखना निवासी सुंदर मझवार पिता रोंगो मझवार 50 वर्ष बुधवार को गांव से लगे पनही पखना में अपना खेत देखने गया था। यहां खेत के बगल में ही स्थित साल के विशाल पेड़ को काटने का मन बन गया तो वह कुल्हाड़ी से उसे काटने लगा। आधा पेड़ काटने के बाद वह थक गया तो पेड़ की छाया में ही विश्राम करने लगा। इसी बीच अचानक हवा चली और आधा कटा पेड़ उसके ऊपर ही गिर गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

- संवाददाता -
लखनपुर, 29 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।




लखनपुर राज परिवार के इंद्रजीत प्रताप सिंहदेव के धर्मपत्नी स्वर्गीय शोभा मंजरी सिंह देव के स्मृति में 29 दिसंबर दिन शुक्रवार को ग्राम अरगोती में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा अम्बिकापुर के तत्वाधान में विशाल निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क चिकित्सा एवम स्वास्थ्य शिविर में डाक्टरों की टिम द्वारा सैकड़ो ग्रामीणों का स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण कर उचित परामर्श देते हुए निशुल्क दवा व चश्मा का वितरण किया गया। गौरतलब है कि पिछले 2 वर्षो से लखनपुर राजपरिवार के इंद्रजीत प्रताप सिंहदेव और राज परिवार के सदस्यों द्वारा स्वर्गीय शोभा मंजरी सिंह देव के स्मृति में डांड केसरा, बिनीया में साड़ी कंबल का निशुल्क वितरण करते हुए ग्राम अरगोती में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जहां स्वर्गीय शोभा मंझरी सिंहदेव के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए स्वास्थ्य शिविर शुभारंभ किया गया। शिविर में स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण कर निशुल्क दवा चश्मा का वितरण किया गया। इस सिविल में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर अनिल सिंह मेजर लंद्र पूर्व विधायक डॉ प्रीतम राम, रणजीत सिंहदेव, इंद्रजीत सिंहदेव, विक्रमादित्य सिंहदेव, रणविजय सिंहदेव , वीरेंद्र सिंहदेव, मानवेंद्र सिंह, समर विजय सिंह तोमर, राधा गोविंद सिंह ,राकेश सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, अजय सिंह, राहुल जायसवाल, संतोष गुप्ता, प्रभाकर सिंह, प्रशांत ताम्रकार, विश्वजीत सिंह, उमेश सिंह, डॉ अनिल सिंह, डॉक्टर पी एन द्विवेदी, डॉक्टर अर्पण सिंह, डॉक्टर अनूभा सिंह ,डॉक्टर चैतन्य सहित स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी प्रदेश स्तर पर करेगी आंदोलन

**जल जंगल जमीन की लड़ाई स्वर्गीय दादा हीरा सिंह मरकाम के गोंडवाना समग्र विकास आंदोलन**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।



आने वाले दिनों पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी प्रदेश स्तर पर आंदोलन करेगी। जल जंगल जमीन की लड़ाई स्वर्गीय दादा हीरा सिंह मरकाम के गोंडवाना समग्र विकास आंदोलन आम जन एकजुट होने की अपील करेंगे। परसा कोल ब्लाक आवंटन उदयपुर सरगुजा पर अवैध पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने हेतु एवं कोल उत्खनन पर रोक लगाये जाने हेतु समाज के वरिष्ठ जनों से एकजुट होकर इस आंदोलन में सहयोग करने की अपील करेंगे। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर संजय कमरो का अंबिकापुर आगमन हुआ जिसमें उनके द्वारा वरिष्ठ उन जनों एवं पत्रकारों से बातचीत की। चर्चा में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संगठननात्मक विस्तार एवं अदानी कोल ब्लॉक आवंटन पर के संबंध में रणनीती बनाकर आंदोलन करने की बात कही।

# गायत्री महायज्ञ में ढाई हजार लोगों ने दी आहुति



## विवाह संस्कार में पहुंचे विधायक,वर वधु को दिया आशीर्वाद



- संवाददाता -
सूरजपुर,29 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

108 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन करीब ढाई हजार श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुति देकर सुख शांति समृद्धि की कामना की। सुबह देव पूजन के साथ यज्ञ प्रारंभ हुआ जो दोपहर तक चलता रहा यज्ञ में शामिल होने दूर दराज से लोग पहुंच रहे है। यज्ञ स्थल पर विभिन्न संस्कार भी कराये जा रहे हैं।

शांतिकुंज हरिद्वार की टोली द्वारा गायत्री महायज्ञ कराया जा रहा है जिसमें यज्ञ के साथ विभिन्न संस्कार प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन हो रहा है शुक्रवार को यज्ञ स्थल पर बनाए गए 108 हवन कुंड में जोड़ियां के साथ बैठे अनुयायियों ने अपनी मनोकामना के साथ आहुति दी।करीब ढाई हजार लोगों ने हवन में शामिल होकर अपनी आहुति दी। हवन पूजन का कार्य दोपहर तक चलता रहा।इस दौरान शांतिकुंज के प्रतिनिधियों द्वारा यज्ञ की महत्ता को बताया जा रहा था वही बीच-बीच में संगीत भी हो रहा था जिसका भी लोग आनंद उठा रहे थे हवन पूजन के पश्चात आरती हुई इसके बाद विभिन्न संस्कार कराए गए,विवाह संस्कार के दौरान स्थानीय विधायक भूलन सिंह मरावी भी पहुंचे और उन्होंने वर वधु को आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व विधायक श्री मरावी मंदिर में मत्था टेक मां गायत्री का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही प्रखर प्रज्ञा सजल श्रद्धा एवं कार्यक्रम स्थल पर लगे प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यज्ञ पश्चात प्रज्ञा पुराण कथा का वाचन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## राजीव युवा मितान क्लबो के बंद करने के आदेश पर जफर हैदर ने उठाया सवाल

- संवाददाता -
सुरजपुर, 29 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कांग्रेस कमेटी के सदस्य जफर हैदर ने राज्य सरकार द्वारा राजीव युवा मितान क्लबो के बंद करने के आदेश पर सवाल खड़ा करते हुए इसे गलत ठहराया है , जफर हैदर ने बताया कि सूरजपुर जिले में ग्रामीण अंचल में 481 राजीव युवा मितान क्लब और नगरीय निकाय में 16 राजीव युवा मितान क्लब है तो जिले में टोटल 497 राजीव युवा मितान क्लब संचालित हो रहे थे, जिसमें कांग्रेस सरकार के द्वारा सभी युवा मितान क्लब को एक-एक लाख प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता था जिसमें 50 परसेंट खेलकूद गतिविधि 30त्न सामाजिक,धार्मिक गतिविधि, 20त्न सांस्कृतिक गतिविधि के लिए होता था, ग्रामीण अंचल के आर्थिक समस्या को देखते हुए उन्हें अगल-बगल किसी प्रोग्राम को करने जाने खेल कूद करने जाने सामाजिक गतिविधि जैसे धार्मिक कार्य, गणेश पंडाल बैठाना,धार्मिक गतिविधिया करना, गरीबों को त्यौहार में सामग्री प्रदान करना संस्कृति गतिविधि के लिए ड्रेस वितरण करना खेलकूद सामग्री वितरण करना यह सब सहयोग क्लब के द्वारा किया जाता था जिसे आज भाजपा की प्रदेश सरकार द्वारा बंद कर दिया गया जो गलत है ,राज्य की भाजपा सरकार नफरत में अंधी होकर कांग्रेस से नफरत करते करते गरीब जनता,युवाओ के लाभकारी योजनाओं को बंद कर रही है जो जनता में आक्रोश पैदा कर रहा है ,भाजपा की सरकार को इसका खामियाजा आगामी चुनावों में भगतना पड़ेगा । उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार जनहितैषी,गरीब हितैषी,किशान,और युवा हितैषी सरकार थी जो लगातार सभी वर्गों को ध्यान में रखकर अपनी योजनाएं बनाती थी ,जो भाजपा की सरकार सत्ता में आने के बाद बंद कर रही है जो उचित नही है ।



# लाल सागर में हूती विद्रोहियों का हमला अमेरिका ने किया नाकाम

### ड्रोन और एंटी शिप मिसाइल को किया तबाह

**वॉशिंगटन,29 दिसम्बर 2023।** अमेरिका की सेना ने बताया है कि उन्होंने लाल सागर में हूती विद्रोहियों के एक ड्रोन और एक एंटी शिप मिसाइल को तबाह कर दिया है। बता दें कि जब से इस्राइल हमास युद्ध शुरू हुआ है, तब से ही फलस्तीनियों के प्रति अपना समर्थन दिखाने के लिए यमन के हूती विद्रोही लाल सागर और अरब सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। हाल के समय में कई समुद्री जहाजों को हूती विद्रोहियों ने निशाना बनाया है।



### यूएस सेंट्रल कमांड ने बयान जारी कर दी जानकारी

यूएस सेंट्रल कमांड ने एक बयान जारी कर बताया कि यूएसएस मेसन ने एक ड्रोन और एक एंटी शिप बैलेस्टिक मिसाइल को दक्षिणी लाल सागर में तबाह कर दिया। इन ड्रोन और मिसाइल को हूती विद्रोहियों द्वारा फायर किया गया था। हमले के वक्त इलाके में मौजूद 18 जहाजों को कोई नुकसान नहीं हुआ। यूएस सेंट्रल कमांड ने बताया कि अक्तूबर के मध्य से हूती विद्रोहियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट पर यह 22वां हमला था। जिस रूट पर हूती विद्रोहियों ने हमला किया, वह एक ट्रांजिट रूट है और यहां से वैश्विक व्यापार का 12 प्रतिशत ट्रेड होता है।

### वैश्विक व्यापार का शिपिंग रूट हूती विद्रोहियों के निशाने पर


वैश्विक व्यापार के शिपिंग रूट पर हूती विद्रोहियों द्वारा लगातार हमले के चलते अमेरिका के नेतृत्व में लाल सागर और अरब सागर के इलाकों में बहुराष्ट्रीय नेवल टास्क फोर्स का गठन किया है ताकि शिपिंग रूट की सुरक्षा की जा सके। भारत ने भी इन इलाकों में अपने पांच युद्धक जहाज तैनात किए हैं। साथ ही अमेरिका के वित्त विभाग ने गुरुवार को हूती विद्रोहियों को वित्तीय मदद देने वाले नेटवर्क पर भी प्रतिबंधों का एलान किया है।

**इस्राइल हमास युद्ध के बाद बढ़े हमले**

बता दें कि इस्राइल हमास युद्ध के चलते पश्चिम एशियाई देशों में अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ नाराजगी है। दरअसल युद्ध में अमेरिका खुलकर इस्राइल का समर्थन कर रहा है, यही वजह है कि जहां दुनियाभर में यहूदी नागरिकों और प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है, वहीं पश्चिम एशिया, इराक और सीरिया में अमेरिकी सैन्य बलों पर भी ड्रोन और मिसाइल हमले हो रहे हैं। सोमवार को ही उत्तरी इराक में एक ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी नागरिक घायल हो गए थे।

## हमास की कैद में मौजूद सबसे बुजुर्ग महिला की हुई मौत की पुष्टि,राष्ट्रपति बाइडन ने जताया दुख

**तेल अवीव,29 दिसम्बर 2023।** हमास की कैद में मौजूद सबसे बुजुर्ग इस्राइली महिला की मौत हो गई है। इस्राइल के किबुत्ज नीर ओज ने गुरुवार को बताया कि इसकी निवासी जूडिथ विंसटीन हगै को हमास के आतंकियों ने 7 अक्तूबर को ही मार डाला था। अब तक माना जा रहा था कि जूडिथ अभी भी हमास की कैद में मौजूद हैं। बता दें कि हमास ने 7 अक्तूबर के हमले में जूडिथ के पति गादी हगै को भी मार डाला था।




अमेरिकी राष्ट्रपति ने जताया दुख

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी एक बयान जारी कर जूडिथ की मौत पर दुख जाहिर किया। बता दें कि जूडिथ इस्राइल के साथ ही अमेरिका की भी नागरिक थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 7 अक्तूबर को जब हमास के आतंकियों ने इस्राइल पर हमला किया था तो जूडिथ और उनके पति सुबह की सैर पर निकले हुए थे। जूडिथ और उनके पति को भी उन आठ अमेरिकी नागरिकों में शामिल माना जा रहा था, जो हमास की कैद में हैं।

### गाजा में इस्राइली हमले जारी

इस्राइली सेना ने गुरुवार को गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनिस पर एयर स्ट्राइक की। इस्राइली सेना ने कहा है कि खान यूनिस में अतिरिक्त बलों की तैनाती की जाएगी। खान यूनिस, हमास के चीफ याहया सिनवार का शहर है। फलस्तीन में रेड क्रीसेंट सोसाइटी ने बताया कि गाजा के अल अमाल अस्पताल के पास बमबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हुई है। अल अमाल अस्पताल में करीब 14 हजार शरणार्थी शरण लिए हुए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि गुरुवार को गाजा के रफाह शहर में बमबारी से 20 लोगों की मौत हुई है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। साथ ही दर्जनों लोग घायल भी हुए हैं।

इस्राइली सेना ने बताया है कि गाजा में ऑपरेशन के दौरान उसके 167 जवान मारे जा चुके हैं। वहीं 7 अक्तूबर से अब तक कुल 500 जवान मारे गए हैं। इस्राइली हमलों में फलस्तीन के वेस्ट बैंक में भी 314 नागरिक मारे गए हैं। इस्राइली सेना ने वेस्ट बैंक में स्थित मनी एक्सचेंज दुकानों पर छापेमारी की। इस्राइली सेना को सूचना मिली है कि इन मनी एक्सचेंज दुकानों से हमास को फंडिंग की जा रही थी। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि गाजा में भुखमरी के हालात पैदा हो गए हैं और लोग खाने और राहत सामग्री के ट्रकों को लूट रहे हैं।

## निर्वस्त्र शव,चेहरा जला हुआ...,हमास आतंकियों ने कई इस्राइली महिलाओं से की थी यौन हिंसा

**वॉशिंगटन,29 दिसम्बर 2023।** 7 अक्तूबर को इस्राइल पर हमास के हमले से जुड़ी जानकारियां अभी तक लोगों को डरा रही हैं। अब एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि हमास के आतंकियों ने बड़े पैमाने पर इस्राइली महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की। हमास के हमले के बाद हिंसा वाली जगहों पर जाकर देखा गया तो कई महिलाओं के क्षत-विक्षत और निर्वस्त्र हालत में शव मिले। महिलाओं के साथ ना सिर्फ दुष्कर्म किया गया बल्कि उनके साथ यौन हिंसा की गई थी।



**इस्राइली महिलाओं के खिलाफ की गई यौन हिंसा-** न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार,गाल अब्दुश नाम की एक महिला का इस्राइल में नरसंहार वाली जगह से शव बरामद हुआ था। हमास के हमले के बाद एक महिला अपनी दोस्त को ढूंढते हुए म्यूजिक फेस्टिवल वाली जगह पहुंची थी,वहां से कुछ दूरी पर एक जली हुई कार के पास गाल अब्दुश का शव मिला था। दोस्त को ढूंढ रही महिला ने घटनास्थल का वीडियो शूट किया था,जिसमें गाल अब्दुश के शव के कपड़े फटे हुए दिख रहे थे।

# जहां आतंकी निज्जर मारा गया,उसी सरे के जाने-माने मंदिर प्रमुख के बेटे के घर में घुसे बदमाश,की फायरिंग

**ओटावा,29 दिसम्बर 2023।** कनाडा से एक बार फिर बड़ी खबर आ रही है। अब यहां के सरे में एक जानेमाने मंदिर के प्रमुख के घर पर गोलीबारी की गई है। जानकारी के मुताबिक, मंदिर प्रमुख के घर में कुछ अज्ञात बदमाश घुस आए और ताबड़तोड़ फायरिंग की। सरे खालिस्तानी आतंकियों का कैंप माना जाता है। यहीं एक गुरुद्वारे के पास आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। इसे लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि, भारत इन्हें खारिज करता रहा है और कनाडा मामले में कोई ठोस सबूत भी पेश नहीं कर पाया है।

**क्या है मामला?**

घटना बीते बुधवार की बताई जा रही है। बताया गया कि बुधवार यानी 27 दिसंबर को सुबह करीब आठ बजे 80 एवेन्यू के 14900 ब्लॉक में फायरिंग की गई। सरे पुलिस के मुताबिक, जहां फायरिंग की गई, वह घर लक्ष्मीनारायण मुदिर के अध्यक्ष सतीश कुमार के बेटे का है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ है।




**कनाडा की पुलिस ने मामले में शुरू की जांच**

कनाडाई पुलिस ने ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे में भारतीय मूल के व्यक्ति के आवास पर गोलीबारी की जांच शुरू कर दी हैं। गुरुवार को पुलिस द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि 27 दिसंबर की सुबह एक आवास पर गोलीबारी की रिपोर्ट की जांच कर रहे हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि घटना के दौरान कोई घायल नहीं हुआ था, लेकिन गोलियों से आवास को नुकसान पहुंचा हैं।

### मंदिरों को बनाया जा रहा निशाना

गौरतलब है कि उत्तरी अमेरिका और कनाडा में सक्रिय कुछ खालिस्तान समर्थक संगठन लगातार हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। खासकर कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में इसी साल अगस्त में स्वामीनारायण मंदिर को निशाना बनाया गया था। मंदिर के गेट पर खालिस्तान जनमत संग्रह के पोस्टर लगा दिए गए, जिन पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की भी तस्वीर लगी है। पोस्टर में लिखा गया था कि कनाडा 18 जून की हत्या की घटना में भारत की भूमिका की जांच कर रहा है।

### हरदीप सिंह निज्जर की हुई थी हत्या

बता दें कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर, सरे के गुरुनानक सिख गुरुद्वारा साहिब का प्रमुख था। 18 जून की शाम गुरुद्वारा परिसर में ही दो अज्ञात बंदूकधारियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। हरदीप सिंह निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स का प्रमुख था।

# कमांडर का आदेश नहीं सुन पाए थे सैनिक,गलतफहमी में इस्राइली बंधकों को ही मारी गोली,जांच में खुलासा

**तेल अवीव,29 दिसम्बर 2023।** बीते दिनों गाजा में ऑपरेशन के दौरान इस्राइली सेना ने गलती से अपने ही बंधकों को गोली मार दी थी, जिसमें तीन बंधकों की जान चली गई थी। इसे लेकर इस्राइल में खूब हंगामा हुआ और लोग विरोध में सड़कों पर उतरे। अब उस मामले की जांच में खुलासा हुआ है कि बंधक मदद के लिए चिल्लाए थे लेकिन इस्राइली सैनिकों ने इस पर ध्यान नहीं दिया और उन्हें आतंकी खतरा मानते हुए गोली चला दी।



### जांच रिपोर्ट में हुआ खुलासा कैसे गलतफहमी में मारे गए तीनों बंधक

जांच रिपोर्ट का गुरुवार को खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, 10 दिसंबर को गाजा के शेजैया में स्थित एक इमारत में इस्राइली सैनिकों ने बंधकों के मदद के लिए चीखने की आवाजें सुनीं थी। हालांकि इस्राइली सेना को लगा कि हो सकता है कि हमास के आतंकियों ने इमारत में विस्फोटक लगाए हुए हैं और उन्हें फंसाने के लिए ये आवाजें सुनाई जा रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइली सैनिक बहुत संभलकर बिल्डिंग में दाखिल हो रहे थे और इसी दौरान वहां से भागने की कोशिश कर रहे पांच आतंकियों को इस्राइली सैनिकों ने ढेर कर दिया। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि 15 दिसंबर को तीनों बंधक बिल्डिंग से निकले तो इस्राइली सैनिकों ने उन्हें भी गलतफहमी में गोली मार दी।

### कमांडर का आदेश नहीं सुन पाए सैनिक

बंधक बिल्डिंग से बाहर निकलते हुए बचाने के लिए चिल्लाए भी थे लेकिन सैनिक सुन नहीं पाए। गोली लगते ही बंधकों में से दो की तुरंत मौत हो गई और एक बच गया। इसके बाद मदद की गुहार सुनकर इस्राइली सेना के कमांडर ने सैनिकों को फायर रोकने का आदेश दिया लेकिन वहां बहुत ज्यादा शोर होने की वजह से नजदीक ही तैनात दो सैनिक कमांडर का आदेश संभवतः सुन नहीं पाए और उन्होंने तीसरे बंधक को भी गोली मार दी। इस तरह तीनों बंधक मौके पर मारे गए। तीनों बंधक बिना शर्ट के थे और उनके पास सफेद झंडा भी था।

इस्राइली सेना के प्रमुख हेरजी हालेवी ने भी स्वीकार किया है कि सेना बंधकों को बचाने के मिशन में असफल रही। इन तीन बंधकों को बचाया जा सकता था। बता दें कि मारे गए तीनों बंधकों की पहचान योताम हेम, एलोन शमरिज और सामेर अल तलाका के रूप में हुई है और तीनों करीब 20 साल के थे। वहीं तीनों बंधकों की इस्राइली सेना की गोलीबारी में मौत से तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन जारी हैं और प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सरकार को 129 बंधकों को वापस लाने के लिए कोई नई योजना बनानी चाहिए।

# बोरवेल मशीन पलटने से नशे में धुत्त चालक गंभीर रूप से घायल



– संवाददाता –
बिहारपुर, 29 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

चांदनी बिहारपुर के क्षेत्र में ग्राम पंचायत कोल्हुआ के खीरो नदी के समीप बोरवेल मशीन के चालक ने नशे में धूत होकर वाहन को पलटी मार दी जिससे वह स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गया है। आहट को चिकित्सालय में दाखिल कराया गया जहां उसका उपचार चल रहा है । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार के सुबह करीब 10:00 बजे बोरवेल मशीन के चालक सहित अन्य कर्मी कोल्हूआ में खीरो नदी के समीप खाना बना रहे थे जहां खाना खाने के बाद चालक कैलाश यादव पिता जगिबोहर यादव नशे की हालत में वाहन को चालू कर बिहारपुर की और जाने लगा। वह कुछ दूर पहुंचा ही था कि वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई जिसे चालक गंभीर रूप से आहत हो गया। चालक को मध्य प्रदेश के सिंगरौली चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि बिहारपुर से रोसकी के मुख्य मार्ग का नवीनीकरण कार्य हो रहा है। जिसमें साइड शोल्डर अच्छी तरह से रोलिंग नहीं करवाये जाने से जगह-जगह दब रहा है अगर अच्छे से साइड शोल्डर की रोलिंग हो जाता तो इस तरह का हादसा नहीं होता। लोगों का आरोप है कि प्रशासन के द्वारा नवीनीकरण का कार्य बिना देख-रेख के अभाव में ठेकेदार द्वारा लगातार मनमानी डंग से किया जा रहा है जिस वजह से आए दिन इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं।

# रामविचार नेताम ने अपने घोषणा-पत्र के वादे पर कही बड़ी बात

### छठवीं बार विधायक चुने गए नेतामः छत्तीसगढ़ के कद्दावर आदिवासी नेता पहले की भाजपा सरकार में भी कई विभागों में मंत्री का दायित्व संभाल चुके हैं...

– संवाददाता –
रामानुजगंज,29 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम रामानुजगंज पहुंचे। वहां उन्होंने लोगों से कहा कि मोदी की गारंटी जल्द पूरी होगी। नेताम ने अपने घोषणापत्र के वादों पर ये बयान दिया।

रामविचार नेताम छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद गुरुवार को पहली बार अपने विधानसभा क्षेत्र रामानुजगंज पहुंचे। जहां पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ही आम लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने नेताम को लड्डुओं से तौला इसके अलावा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

छठवीं बार विधायक चुने गए छत्तीसगढ़ के कद्दावर आदिवासी नेता रामविचार नेताम पहले भी भाजपा सरकार में कई विभागों में मंत्री का दायित्व संभाल चुके हैं। इस साल हुए विधानसभा चुनाव में रामविचार नेताम ने कांग्रेस के प्रत्याशी अजय तिर्की को हराया और छठवीं बार विधायक चुने गए हैं। उनके कद को देखते हुए उन्हें विष्णुदेव साय की सरकार में मंत्री बनाया गया है।



**पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत**-चुनाव जीतने के बाद विधायक बनने और छत्तीसगढ़ में कैबिनेट मंत्री पद का शपथ लेने के बाद नेताम पहली बार बलरामपुर पहुंचे। इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और मंत्री रामविचार नेताम का जमकर स्वागत किया। रामविचार नेताम को लड्डुओं से भी तौला गया एवं रामविचार नेताम ने रामानुजगंज के लरंगसाय चौक पर सभा को संबोधित किया।

**नेताम की गारंटी पूरा करने का किया वादा**-रामविचार नेताम ने मोदी की गारंटी के हर वादे को पूरा करने का भरोसा लोगों को दिया साथ ही उनकी दी हुई गारंटी भी जल्द लागू करने का वादा रामानुजगंज की जनता से किया। बता दें कि विधानसभा चुनाव से पहले रामविचार नेताम ने भाजपा के घोषणा पत्र से अलग अपना घोषणा पत्र लाया था।

### रामविचार नेताम का घोषणा-पत्र

नगर पालिका बलरामपुर और नगर पंचायत रामानुजगंज में इनडोर स्टेडियम और ऑडिटोरियम का निर्माण। डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना। किसानों को लाभ दिलाने के लिए क्षेत्र में मक्का प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना। बलरामपुर रामानुजगंज में शासकीय नर्सिंग कॉलेज, बीएड कॉलेज के साथ ही लॉ कॉलेज की स्थापना। रामानुजगंज की जीवनदायिनी कन्हर नदी के सभी घाटों का पुनरुद्धारहाथी विचरण के कारण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को लगातार होने वाले जान-माल की हानि, मकान और फसलों के नुकसान को रोकने स्थायी समाधान रामानुजगंज वन वाटिका में विशाल पार्टी हॉल। रिसॉर्ट कैंटीन बोटिंग और वाटर गेम की व्यवस्था। राष्ट्रीय राजमार्ग 343 निर्माण में आने वाले सभी समस्याओं को दूर कर अंबिकापुर से रामानुजगंज तक सड़क का जल्द निर्माण। भारतीय रेलवे का टिकट काउंटर बलरामपुर रामानुजगंज में खोलने का वादा पुरा होगा।

CMYK

# जोगेश,विकास,देवेन्द्र व डॉ राकेश में से कौन होगा दावेदार ?

## लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू, सक्रिय होने लगे भाजपा के दावेदार...

**कोरबा जिले से जोगेश लांबा,विकास महतो,देवेन्द्र पांडेय कर रहे हैं दावेदारी तो कोरिया से डॉ. राकेश शर्मा एकमात्र दावेदार**

**पिछली बार नये चेहरे के रूप में ज्योतिनंद दुबे को उतारकर भाजपा ने चैकाया था,कांग्रेस से महंत परिवार ही हो सकते हैं उम्मीदवार**







-रवि सिंह-
कोरबा/कोरिया,29 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब लोकसभा चुनाव 2024 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है,अप्रैल माह में संभावित चुनाव हेतु मार्च में अचार संहिता भी प्रभावशील हो जाएगी,वर्तमान में कोरबा लोकसभा में कांग्रेस की ओर से श्रीमती ज्योत्सना महंत सासंद हैं इस बार भी कांग्रेस की ओर से महंत परिवार से ही कोई सांसद का उम्मीदवार होगा इसकी प्रबल संभावना है तो वहीं भाजपा की ओर से कोरबा जिले से पूर्व महापौर जोगेश लांबा,पूर्व सांसद पुत्र विकास महतो और देवेन्द्र पांडेय दावेदारी कर रहे हैं तो वहीं कोरिया जिले से डॉ. राकेश शर्मा भी एकमात्र दावेदार के रूप में अभी तक सक्रिय हैं। भाजपा पिछले कई चुनाव में कोरबा लोकसभा में नया प्रत्याशी उतारती आई है पिछली बार भी ज्योतिनंद दुबे के रूप में नया चेहरा उतारा गया था लेकिन परिणाम उनके विपरीत रहा। इस बार भी इन दावेदारों के अलावा किसी नये चेहरे का नाम यदि उम्मीदवार बतौर सामने आ जाए तो कोई आश्चर्य नही होगा।

### कोरबा लोकसभा की भौगोलिक स्थिति

प्रदेश के पावर कैपिटल के रूप में प्रसिद्व कोरबा लोकसभा सीट पर सभी पार्टियों की नजर है,वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद कोरबा निर्वाचन क्षेत्र अस्तित्व में आया था उसके बाद संपन्न हुए लोकसभा के चुनाव यहां की जनता ने पहली बार डॉ. चरणदास महंत को सांसद चुना था उन्होने भाजपा प्रत्याशी करूणा शुक्ला को हराया था,इसके बाद 2014 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. बंशीलाल महतो ने डॉ. चरणदास महंत को परास्त किया था। 2019 के चुनाव में कांग्रेस की ओर से श्रीमती ज्योत्सना महंत उम्मीदवार थी जबकि भाजपा की ओर से ज्योतिनंद दुबे मैदान में थे इस चुनाव में श्रीमती महंत को जीत मिली थी। कोरबा लोकसभा सीट चार जिले मे फैली है,कोरबा जिले की चार विधानसभा कोरबा, कटघोरा, रामपुर व पाली तानाखार, बिलासपुर जिले की मरवाही,एमसीबी जिले की मनेंद्रगढ व भरतपुर सोनहत,कोरिया जिले की बैकुंठपुर विधानसभा इसमें शामिल है। इनमें कोरबा,कटघोरा,मनेंद्रगढ और बैकुंठपुर सामान्य सीट हैं जबकि बाकी रिजर्व सीट हैं।

### लोकसभा क्षेत्र में भाजपा का है दबदबा

इस लोकसभा क्षेत्र में संपन्न हुए चुनाव में दो बार कांग्रेस का कब्जा हुआ है जबकि एक बार भाजपा के डॉ. बंशीलाल महतो मोदी लहर के बावजूद महज 4500 वोट से जीत दर्ज कर पाए थे। उसके बाद 2019 के चुनाव में ज्योतिनंद दुबे को लंबी हार का सामना करना पड़ा था। हलांकि पिछली बार प्रदेश में भाजपा की सरकार थी और इस लोकसभा अंतर्गत सात विधानसभा सीट पर कांग्रेस का कब्जा था। 2019 में हारी हुई यह लोकसभा सीट पर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पिछले दो साल से नजर जमाए हुए है,इस बार स्थिति भाजपा के पक्ष में नजर आ रही है। विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत, मनेंद्रगढ, बैकुंठपुर, कटघोरा,कोरबा,मरवाही मिलाकर कुल 6 सीट पर भाजपा के विधायक निर्वाचित हुए हैं जबकि रामपुर सीट पर कांग्रेस एवं पाली तानाखार से गोंगपा के विधायक निर्वाचित हुए हैं। भाजपा वोटों के लिहाज से इस क्षेत्र में मजबूत नजर आ रही है।

### महंत परिवार से हो सकता है कांग्रेस उम्मीदवार

इस लोकसभा क्षेत्र में वर्तमान में श्रीमती ज्योत्सना महंत सांसद हैं इस बार भी कयास लगाये जा रहे हैं कि महंत परिवार से ही कोई सांसद का उम्मीदवार कांग्रेस की ओर से होगा। हलांकि डॉ. चरणदास महंत पुराने नेता हैं और राजनीतिक सुझबुझ उन्हे अच्छी तरह से है,इस बार यह लोकसभा सीट उनके अनुकुल नही है वे खुद नेता प्रतिपक्ष बना दिये गए हैं ऐसे मे हो सकता है वे अपना कदम पीछे भी खींच ले ऐसी स्थिति में कोई नया उम्मीदवार भी कोरबा लोकसभा क्षेत्र में देखने को मिल सकता है।

### सक्रिय हुए दावेदार लेकिन भाजपा लेगी चौकाने वाला फैसला

लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू होते ही भाजपा के दावेदार अब इस क्षेत्र में सक्रिय नजर आने लगे हैं। कोरबा निवासी पूर्व महापौर जोगेश लांबा पिछले कुछ दिनो से इस क्षेत्र में सक्रिय दिखलाई दे रहे हैं उन्होने चिरमिरी, बैकुंठपुर समेत कई क्षेत्रों का दौरा किया है जबकि पूर्व सासंद स्व. डॉ. बंशीलाल महतो के पुत्र विकास महतो और देवेन्द्र पांडेय का नाम भी दावेदारो के रूप में सामने आ रहा है। आने वाले समय में इन दावेदारो की सक्रियता भी इस क्षेत्र में देखने को मिलेगी,जोगेश लांबा ने दो दिन पहले ही चिरमिरी क्षेत्र में भाजपा नेताओ समेत मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकात किया था तो वहीं गुरूवार को बैकुंठपुर में उन्होने भाजपाईयो से मुलाकात कर समर्थन मांगा है। देवेन्द्र पांडेय भी इस क्षेत्र में संपर्क बना रहे हैं कोरबा क्षेत्र में वे कई कार्यक्रम में देखे जा रहे हैं जबकि विधानसभा चुनाव के समय विकास महतो ने एमसीबी जिले के कई स्थानो का दौरा किया है। कोरिया जिले से दावेदारी कर रहे डॉ. राकेश शर्मा भी पिछले तीन वर्षो से अपनी सक्रियता दिखला रहे है उन्होने भी कोरिया,एमसीबी समेत कोरबा जिले में कई जगह का दौरा किया है। इन दावेदारो ने अपनी अपनी लांबिंग भी शुरू कर दी है,लेकिन हर बार चैकाने वाला फैसला लेने में माहिर भाजपा नेतृत्व द्वारा कोई भी नया चेहरा मैदान में उतारा जा सकता है। भाजपा सरकार में इस बार कोरबा लोकसभा क्षेत्र में दो मंत्री बनाये गए है, श्यामबिहारी जायसवाल व लखनलाल देवांगन को मंत्री पद की जिम्मेदारी देकर एक हिसाब से शीर्ष नेतृत्व ने कोरबा लोकसभा जिताने की जवाबदारी सौंप दी है। शीर्ष नेतृत्व की उम्मीद पर हर हाल में इन दोनो मंत्रियो को खरा उतरना पड़ेगा।

## पूर्व विधायक प्रतिनिधि व वर्तमान कांग्रेस के जिला महामंत्री फिर फंसे परेशानी में...घर से 530 बोरी अवैध धान हुआ जब्त

**अपने ही सत्ता शासन में सोसाइटी का चावल भी पकड़ने का मामला आया था सामने,क्या कांग्रेस के नेता आदतन अवैध काम करने में हैं व्यस्त?**

**दूसरे किसान के सहकारी समिति खाते में धान खपाने की थी तैयारी,अपने खाते में पूरा धान पहले ही बेच चुके थे पूर्व विधायक प्रतिनिधि**



### दूसरे किसान के खाते में बेचा जाना था धान,अपने खाते की लिमिट पार कर चुके थे पूर्व विधायक प्रतिनिधि

पूर्व विधायक प्रतिनिधि वर्तमान में महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया रामकृष्ण साहू के घर से जो 530 बोरी धान जब्त किया गया है वह एक अन्य किसान के सहकारी बैंक खाते में बेचा जाना था।किसान जिसके नाम से अवैध तरीके से धान बेचने की तैयारी में थे पूर्व विधायक प्रतिनिधि उसका नाम विकास पण्डो बताया जा रहा है।

### पूर्व विधायक के कार्यकाल में खुलेआम जारी था रामकृष्ण साहू का अवैध धान चावल कारोबार,सरकार के जाते ही आए गिरफ्त में

पूर्व विधायक के कार्यकाल में उनका प्रतिनिधि बनकर रामकृष्ण साहू ने जमकर धान चावल का अवैध कारोबार किया था। उस समय सत्ता का जिस तरह उन्होंने इस काम में उपयोग किया वह बात किसी से छिपी हुई नहीं है। सत्ता जाते ही रामकृष्ण साहू के ऊपर बड़ी कार्यवाही की गई है और माना जा रहा है की प्रशासन भी इस मामले में पहले से ही तैयार था क्योंकि कांग्रेस शासन काल में रामकृष्ण साहू प्रशानिक अधिकारियों पर तत्काल दबाव डलवाते थे और मनमर्जी से काम करते थे जिसके कारण प्रशासन भी उनसे परेशान था।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,29 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

पूर्व विधायक प्रतिनिधि फिर परेशानी में फंसते नजर आ रहे हैं और इस बार उनके ऊपर 530 बोरी अवैध धान को दूसरे किसान के सहकारी समिति खाते में खपाने की तैयारी थी जिसकी सूचना प्रशासन को मिली और उनके घर से 530 बोरी धान जब्त कर उनके वाहन सहित धान को पुलिस थाने भेजा गया प्रशासन द्वारा। कार्यवाही एसडीएम बैकुंठपुर के द्वारा की गई वहीं यह कार्यवाही अल सुबह की गई। यह वही पूर्व विधायक प्रतिनिधि हैं जिनके ऊपर कांग्रेस शासनकाल के दौरान भी कई बार कोटे के चावल की अफरा तफरी का आरोप लगा था लेकिन उस समय यह कार्यवाही से इस लिए बच निकलते थे क्योंकि यह तत्कालीन विधायक बैकुंठपुर के प्रतिनिधि थे और कहीं न कहीं उन्हे सत्ता का संरक्षण मिलता था। सत्ता जाते ही उनके ऊपर की गई कार्यवाही को भले ही आज द्वेष की कार्यवाही कहें कुछ लोग लेकिन पूर्व विधायक प्रतिनिधि का काम ही राशन धान की कालाबाजारी का है और यह लोग भी जानते हैं। वैसे कांग्रेस नेताओं पर यह दूसरी बड़ी कार्यवाही है इसके पहले एक दिन पहले ही कांग्रेस नेता के राइस मिल पर प्रशासन ने छापा मारा था


कार्यवाही को प्रभावित करने जांच अधिकारी का बजता रहा फोन...तब तक सोशल मिडिया पर खबर हुयी वायरल
विधायक प्रतिनिधि के वाहन में लोड़ हो रहा 150 बोरी चावल हुआ जब्त


विधायक प्रतिनिधि के वाहन में भारी मात्रा में रखा चावल सोसाइटी का नहीं तो फिर किसका?
खाद्य अधिकारी पर लग रहा विधायक प्रतिनिधि का सहयोग करने का आरोप

जहां से भी अवैध धान बरामद हुआ है और कार्यवाही की गई है जिसमे राइस मिल को फिलहाल सील कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम बैकुंठपुर अंकिता सोम जिन्होंने कार्यवाही की है उनके अनुसार पूर्व विधायक प्रतिनिधि वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी जिला महामंत्री कोरिया रामकृष्ण सही के घर से 530 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। जिसमे से 140 बोरी धान रामकृष्ण साहू सहकारी समिति भेजने की फिराक में था इसलिए वह धान उसके पिकप में ही लदा हुआ था वहीं 390 बोरी धान घर में बरामद किया गया। 140 बोरी धान पिकअप सहित थाने के सुपुर्द किया गया वहीं 390 बोरी धान उसके घर में ही सील करके बंद कर दिया गया।

### पूर्व विधायक प्रतिनिधि पर पूर्व में भी लगा चुका का उचित मूल्य दुकानों से सांठगांठ कर चावल में हेरा फेरी का आरोप

सुतरोबकी माने तो पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामकृष्ण साहू चावल क्रय विक्रय करने का काम वर्षो से करते आ रहें हैं ऐसा ग्रामीणजनों का कहना है ग्रामीणजनों ने यह भी बताया कि पूर्व विधायक प्रतिनिधि का पूरे क्षेत्र में सभी उचित मूल्य की दुकानों से जबरदस्त सेटिंग है वह लगातार सोसायटी के चावल का खरीदी बिक्री करते आ रहें हैं, आज तक उनके ऊपर कार्यवाही करने की हिम्मत किसी ने नहीं जुटाई थी यह पहली बार किसी अधिकारी ने ग्रामीणों की सूचना पर कार्यवाही करने की हिम्मत जुटाई है लोग इस कार्यवाही से उत्साहित हैं।

### प्रशासन ने सूचना तंत्र का सहारा लेकर मारा छापा,मिली सफलता

कोरिया जिला प्रशासन का सूचना तंत्र कार्यवाही की सफलता में काम आया। बताया जा रहा है की रामकृष्ण साहू के घर से धान जब्त करने से पहले रेकी की गई और जब यह तय हो गया की अवैध धान का भंडारण किया गया है तभी छापा मारा गया। छापे में सूचना सही पाई गई और 530 बोरी धान अवैध रूप से भंडारित जब्त हुआ।

### वर्ष 2021 में कोटे का चावल अवैध रूप से भंडारित करने पर हुई थी रामकृष्ण साहू पर कार्यवाही,तब सत्ता के प्रभाव से बच निकले थे रामकृष्ण साहू

ज्ञात हो कि मई 2021 में पटना थाना अंतर्गत ग्राम कसरा निवासी कृष्ण जायसवाल के घर में रखा हुआ 150 बोरी चावल पूर्व विधायक प्रतिनिधि व पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू के टाटा मिनी वाहन में रखा जा रहा था। इसी दौरान ग्रामवासियों ने इसकी सूचना तकालीन नायब तहसीलदार भीष्म पटेल एवं पुलिस को दी गयी। जिसके बाद नायब तहसीलदार सहित खाद्य अधिकारी विष्णु शुक्ला मौके पर पहुंचकर शिकायत को सत्य पाते हुए गाड़ी सहित चावल को जब्ती करने की कार्यवाही करने लगे। कार्यवाही होते देख विधायक प्रतिनिधि के चावल को जब्ती से बचाने के लिए अधिकारियों को फोन आते रहे, लेकिन अधिकारियों ने किसी की भी न सुनते हुए जब्ती की कार्यवाही पूर्ण की। जब्ती कार्यवाही के दौरान रामकृष्ण साहू के टाटा मिनी भार वाहन में लोड हो चुका 80 बोरा चावल व वाहन को जब्त कर सरपंच के सुपुर्द कर दिया। वहीं शेष 70 बोरा चावल कृष्ण जायसवाल के ही सुपुर्दगी में रखकर जब्ती की कार्यवाही सम्पन्न की। कार्यवाही देर रात 12 बजे तक जारी रही इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सहित सत्ता के ही लोगों की छवि धूमिल न हो जाये इस उद्देश्य से कार्यवाही को रोकने कुछ खास विधायक समर्थक भी लगातार अपनी उपस्थिति कार्यवाही स्थल पर बनाकर कार्यवाही को प्रभावित करने की कोशिश करते नजर आये। उस समय चूंकि कांग्रेस की सत्ता थी विधायक कांग्रेस की थीं इसलिए वह बच निकले थे क्योंकि वह विधायक प्रतिनिधि थे तत्कालीन विधायक के। वैसे रामकृष्ण साहू के घर से वर्ष 2021 में जो चावल जब्त हुआ था उसमे वह बच तो निकले थे वहीं उस समय उनका वाहन भी छूट गया था लेकिन किस आधार पर उन्हे मामले में छोड़ा गया यह अज्ञात है।

## भाजपा द्वारा दी जा रही 2 साल की धान बोनस से कई किसान वंचितःबिहारी लाल राजवाड़े

### भाजपा के घोषणा पत्र में बोनस का साल अलग व आदेश में बोनस का साल अलग कैसे ?:बिहारी राजवाड़े

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,29 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।



भाजपा पूरे 5 साल विपक्ष में रहते हुए कांग्रेसियों का ताना सुनते आई की 2 साल का बोनस भाजपा सरकार ने किसानों को नहीं दिया,जिसे लेकर भाजपा चुनाव से पहले ही घोषणा पत्र में पिछले 2 साल का बकाया बोनस को देने का वादा किया और सरकार बनते ही उसे देना शुरू कर दिया पर वही वर्तमान की विपक्ष दल कांग्रेस के नेता भाजपा के बोनस देने की प्रक्रिया पर हमलावर है और आरोप लग रहे हैं कि सरकार घोषणा पत्र में लिखती कुछ है आदेश आता कुछ है।

भाजपा के बोनस देने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला महामंत्री भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कि भाजपा सरकार मृतक किसानों के परिजनों के खाता को बिना सुधार किए हुए बोनस राशि का किया भुगतान, साथ ही चुनावी वी घोषणा पत्र के अनुसार किए गए वायदे को भी भुला। चुनावी घोषणा पत्र में सन 2016-17 एवं सन 2017-18 के बोनस राशि का भुगतान करने का वादा किया गया था इसके ठीक विपरीत सन 2014-15 एवं 2015-16 का भुगतान भी आधा अधूरा किया गया है आप सभी को मालूम होगा की सन 2014-15 में अल्प वर्षा के कारण धान का उत्पादन कम हुआ था साथ ही किसानों का पंजीयन भी काम रहा है सरकार इसका फायदा उठाते हुए अपने चुनावी घोषणा से मुकर रही है सन 2016-17 एवं 17-18 में किसानों का पंजीयन अधिक हुआ था साथ ही धान का विक्रय भी काफी अधिक मात्रा में हुआ था इस तरह से छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार किसानों के साथ चल कर रही है जिसका कांग्रेस पार्टी विरोध करती है सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 8 से 9 साल के अंतराल में हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश के बहुत से किसान अब इस दुनिया में नहीं रहे हैं उनके परिजनों के खाते को धन उपार्जन केंद्र से संबंधित बैंक को बिना अपडेट किए हुए बोनस राशि का भुगतान किया गया है इससे बहुत से किसान सरकार के बोनस से वंचित हैं तथा उन्हें अनावश्यक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि मृतक किसान के नॉमिनी का नाम एवं बैंक का खाता नंबर उपार्जन केंद्र में अपडेट है जिसे जिला सहकारी बैंक के शाखा में समिति द्वारा समय रहते अपडेट करना था तत्पश्चात ही बोनस राशि का भुगतान किया जाना था पर छत्तीसगढ़ प्रदेश की भाजपा सरकार ने आनन-फानन में बोनस राशि का भुगतान कर अपना पीठ थपथपा रही है जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री ने शासन से मांग किया है कि यथा शीघ्र मृतक किसानों के नॉमिनी का खाता नंबर अपलोड कर बोनस राशि का भुगतान करें।



# जशपुर जिले के माटी पुत्र मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का ग्राम बगिया मुख्यमंत्री निवास में किया गया किया स्वागत

## कंवर समाज और परिवारजनों सहित विभिन्न समाज के लोगों ने फूल गुलदस्ता किया भेंट और दिया बधाई एवं शुभकामनाएं

-संवाददाता-
जशपुरनगर 29 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

जशपुर जिले के माटी पुत्र मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का ग्राम बगिया मुख्यमंत्री निवास में पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, कंवर समाज,परिवार जनों सहित विभिन्न समाज के लोगों ने फूल गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। सभी जनों ने क्षेत्र के लाडले से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर रोहित साय, पूर्व विधायक, पवन साय,जीव नंदन साय,रोमहर्बन साय,पुरेंद्र नाथ साय, रामदेव साय,भानुदेव साय, संकेत साय,परिवार जनों सहित अन्य समाज के लोगों ने क्षेत्र के लाडले विधायक एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर बेहद खुश है। कंवर समाज से मुख्यमंत्री बनने पर समाज में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद ग्राम बगिया निवास स्थान पर पहुंचने पर गदगद है। सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## मुख्यमंत्री साय और उनकी धर्मपत्नी ने बंदरचुआ के पास तुर्री पहुंचकर कुल देवता का किया दर्शन

मुख्यमंत्री बनने के पश्चात पहली बार अपने गृह ग्राम बगिया आए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने आज बंदरचुवा के पास तुर्री गांव पहुंचकर कुल देवता का दर्शन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कुलदेवता को गुड़, नारियल, पान, सुपाड़ी अर्पित कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर स्थल में गांव के पुजारी ने मुख्यमंत्री को विधि विधान से पूजा पाठ कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्वजों के आशीर्वाद से ही शुभ कार्य संपन्न होते हैं। आज तुर्री में अपने कुलदेवता का आशीर्वाद लेकर प्रदेश की खुशहाली और जनहित में निरंतर कार्य करूंगा। मुख्यमंत्री के पूर्वज स्व. सरदार भगत साय(सरदार बूढ़ा) की स्मृति में





मंदिर का निर्माण कराया गया है। इस दौरान वहां बड़ी संख्या में आसपास गांव के ग्रामीणजन मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय के पूर्वज ने बाघ के हमले से त्यागे थे प्राण,इसलिए बाघ में पूर्वज का वास मानकर बाघ स्वरूप देव की करते है पूजा पाठ तुर्री गांव के निवासी श्री विकास कुमार साय ने बताया कि तुर्री में घनघोर जंगल और पहाड़ियों से घिरे इसी स्थल पर मुख्यमंत्री श्री साय के पूर्वजों के दो भाईयों भगत साय और दवेल साय में से स्व. भगत साय पर बाघ ने हमला किया था,जिससे वहीं पर उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए। जहां उन्होंने प्राण त्यागे थे वहां उनका वास मानकर आस्था और विश्वास से पूजा अर्चना की जाती है। मूल स्थान के बगल में बाघ में भगत साय की देव स्वरूप वास मानकर इस स्थान पर बाघ की मूर्ति स्थापित कर पूजा पाठ किया जाता है। दूसरे भाई दवेल साय के वंश वृद्धि के फलस्वरूप मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आते है। साय परिवार के अलावा अन्य ग्रामीण भी तुर्री के इस स्थान को आस्था और अध्यात्म का विशेष स्थान मानते है। यह जगह चारों तरफ जंगलों से घिरा हुआ है। इस देव स्थल के विशेष महत्व के कारण यहां से गुजरने वाले लोग फूल, पत्ती आदि अर्पित करने पश्चात ही यहां से आगे बढ़ते हैं।

# निगम ने सी.एण्ड डी.वेस्ट को सड़क किनारे डम्प किए जाने पर लगाया अर्थदण्ड

-संवाददाता-
कोरबा 29 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा जोनांतर्गत स्थित पुरानी बस्ती, मिशन रोड, पावर हाउस रोड में सी. एण्ड डी. वेस्ट को सड़क किनारे डम्प किए जाने पर 03 व्यक्ति पर 2500 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित कर यह राशि वसूली गई। यहां उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे शहर को साफ-सुथरा बनाये रखने हेतु सी. एण्ड डी. वेस्ट के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला ने कोरबा जोन का दौरा किया तथा भ्रमण के दौरान सी. एण्ड डी. वेस्ट डम्पिंग पर नाराजगी जाहिर करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश कर्मचारियों को दिए।

कोरबा जोन अंतर्गत सी. एण्ड डी. वेस्ट टीम के उप अभियंता अश्वनी दास, सुनील गुप्ता, अनिल राम के साथ ही राजस्व निरीक्षकों ने स्थल पर पहुंचकर 03 व्यक्तियों पर 2500 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया तथा सी.एण्ड डी. वेस्ट को हटाने की कार्यवाही करने को कहा। तथा नगर पालिक निगम कोरबा के आम जनता से अपील की है कि सी. एण्ड डी. वेस्ट को रोड के किनारे अनावश्यक रूप



से न फैलाये जिससे गदंगी फैलती है और साथ ही साथ आवागमन में अवरोध उत्पन्न होती है, अतः आप सी. एण्ड डी. से निकलने वाले अनावश्यक मलवे ज्यादा समय तक सड़क पर न रखें। इसी प्रकार निगम में सेवा शुल्क जमा कराकर सी.एण्ड डी. वेस्ट को हटवाने की सुविधा दी गई है, जिसका आम नागरिक लाभ उठाएं।

# छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का ठगांव में बड़े गर्म जोशी से स्वागत हुआ







-संवाददाता-
खड़गवां,29 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कैबिनेट मंत्री के द्वारा मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन विकास खंड के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का विकासखण्ड खड़गवां के ग्राम पंचायत ठगगांव में कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का

समस्त ग्रामीणों ने उत्साह और बड़े गर्म जोशी के साथ कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया गया और श्याम बिहारी जयसवाल जिंदाबाद के नारे से ठगगाव ग्राम पंचायत गुंज उठा इस स्वागत समारोह में उपस्थित अरूणोदय पांडे धनंजय पांडे आशीष गुप्ता अनिल गुप्ता पूर्व सरपंच अशोक खरे पंकज सिंह और वर्तमान सरपंच सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थिति थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत ठगगाव में प्रत्येक विभाग के लगे स्टाल का निरीक्षण किया और सभी अधिकारी एवं कर्मचारीओ से उनका कुशल मंगल की जानकारी लेते हुए सही और लगन से कार्य करने एवं जनता की सेवा करने के लिए कहा मंत्री जी ने अपने उधबोधन में कहा कि मैं आप लोगों के बीच मंत्री नहीं आपका भाई बेटा चाचा और किसान का बेटा हूं मैं आपकी हर समस्या को पूरी मेहनत और लगन से रात दिन एक करके पूरा करूंगा ठगगाव ग्राम पंचायत की बहुत पुरानी मांग थी की ठगगाव हाई स्कूल को हायर सेकंडरी स्कूल बनाया जाए इस को तत्काल पूरा करते हुए हायर सेकंडरी स्कूल बनाने की अधिकारीक घोषणा कर अनुविभागीय अधिकारी प्रपोजल तैयार कर कलेक्टर के पास भेजने को कहा । विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में रथ के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री का संदेश सुना, स्कूली बच्चों के द्वारा संस्कृति कार्यक्रम आयोजन किया गया। उन्होंने क्षेत्र के किसान भाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि कम लागत में अधिक उत्पादन करना है किसान भाई अपने खेतों की मिट्टी का अवश्य परीक्षण कराए, परीक्षण करने से कृषकों को जानकारी होगी कि किस उर्वरक को कितनी मात्रा में किसानों को अपने खेतों में उपयोग करना है। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्राम ठगगांव की मनबसिया पति राम अवतार, जगत राम पिता मोहन, कौशल्या पति धर्म पाल, शकुंतला पति हरिहर को वन अधिकार पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने आसपास के गांव से आए 136 ग्रामीणों को राजस्व एवं वन अधिकार पट्टा का वितरण भी किया इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनमणी राम प्रताप साहू ईश्वर साहू रमेश जयसवाल जय मराबी सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# बालको ने एचआईवी/एड्स जागरूकता में अग्रणी भूमिका निभाई



-संवाददाता-
कोरबा 29 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व एड्स दिवस के तहत अपनी परियोजना 'आरोग्य' के अंतर्गत एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता अभियान आयोजित किया। जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बालको ने अपने सामुदायिक विकास के तहत जिले में 26,000 से अधिक व्यक्तियों तक सफलतापूर्वक पहुंच बनायी। इस अभियान का उद्देश्य एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी से लड़ना और निवारक उपायों को बढ़ावा देना शामिल है साथ ही उच्च जोखिम वाले समूहों, युवाओं और विभिन्न समुदायों के भीतर सभी को जागरूक करना है। पूरे महीने में चले इस 'जागरूकता रथ' अभियान का शुभारंभ जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। अभियान में समुदायों के भीतर एचआईवी/एड्स के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए वीडियो, ऑडियो और पैम्फलेट का उपयोग किया गया।

अभियान में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में समूह जागरूकता सत्र, माता-पिता और युवाओं को एचआईवी/एड्स से संबंधित सुरक्षा और रोकथाम रणनीतियों पर संवेदनशील बनाने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य निकायों और समुदायों को जोड़ने का काम किया गया। युवाओं द्वारा चौपाल के माध्यम से सभी के सीखने की सुविधा प्रदान की गई, जहां किशोर लड़कियों और लड़कों को लीडर बनाकर समुदायों के भीतर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस पहल में स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता सत्र संचालित किये गए जो 500 से अधिक युवाओं तक पहुंचे। इसका उद्देश्य उन्हें आवश्यक जानकारी तथा सहानुभूति को बढ़ावा देना और एचआईवी/एड्स के संबंध में संवेदनशील व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।

# ब्राह्मण संस्कार सेवा समिति जिला कोरिया एमसीबी के द्वारा कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का किया गया स्वागत

-संवाददाता-
कोरिया/एमसीबी 29 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

**कोरिया / एमसीबी।** ब्राह्मण संस्कार समिति पंजीकृत के सचिव हरिनारायण पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ शासन के नव नियुक्त कैबिनेट मंत्री मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल का श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र देकर स्वागत किया गया। हरिनारायण ने अपने स्वागत एवम अभिनंदन पत्र में में कैबिनेट



मंत्री के लिए लिखा की आपने अपनी प्राणवंत ऊर्जा द्वारा क्षेत्र के उन्नयन एवम विकास हेतु जो कर्मठता का प्रदर्शन किया है वह अभिवंदनीय है। आपके व्यवहार एवं सुसंस्कारों से अभिसिंचित सुरभित सुमन सदैव खिलते रहें। समन्वय स्नेह एवम समर्पण जैसे मानवीय गुणों से आपका व्यक्तित्व अंकुलित रहे। दायित्व निर्वाह्न के प्रति कर्मठता लगन एवम उत्साह आजीवन बना बना रहे। ब्राह्मण संस्कार सेवा समिति ट्रस्ट की तरफ से स्वस्थ दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की गई।




**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर**
**जिला सरगुजा, छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202312021200 /
अ-6 /2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरदार गुरूचरण सिंह छाबड़ा आ0 सरदार मोहन सिंह छाबड़ा, निवासी-कौवाड़ाड, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता-समीर सरजाल, सुमीत सरजाल आ0 राजू सरजाल, चेरवा, निवासी-मायापुर, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के स्वामित्व व हक की शीट क्र मांक-03, मोहल्ला-कौवाडांड़ नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 1562/4 में से रकबा 0.002 हे0 भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 1562/4 में से रकबा 0.002 हे0 भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 07/05/1993 के द्वारा अनावेदक/विक्रता-समीर सरजाल, सुमीत सरजाल आ0 राजू सरजाल, चेरवा, निवासी-मायापुर, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 से आवेदक के द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 07/05/1993 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपति हो, तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-24/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/12/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील | नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

## संक्षिप्त खेल समाचार

### बिलासपुर में बनेगा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम



**बीसीसीआई ने दी मंजूरी**

**रायपुर,29 दिसम्बर 2023।** भाजपा की सरकार बनने के बाद अब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार हो गई है। बीते पांच सालों से विकास के क्षेत्र में काफी पिछड़ चुके छत्तीसगढ़ फिर से विकास की पटरी पर लौट आया है। सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चहुमुखी विकास के साथ ही कई अहम मुद्दों पर बड़े फैसले लिए जा रहे हैं । राजधानी रायपुर के बाद अब न्यायधानी बिलासपुर में प्रदेश का दूसरा इंटरनेशनल स्टेडियम बनाए जाने का बड़ा फैसला लिया गया है। लंबे समय से बिलासपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के लिए स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा मांग की जा रही थी। स्टेट क्रिकेट संघ के प्रस्ताव को बीसीसीआई ने मंजूरी दे दी है। स्टेडियम के लिए जगह तलाशने के निर्देश क्रिकेट संघ को दिए गए हैं। खास बात यह है कि प्रदेश में बीसीसीआई का यह पहला स्टेडियम होगा।

मैदान और उसके पवेलियन व अन्य सुविधाओं के लिए 15 से 20 एकड़ जमीन या उससे ज्यादा जमीन की जरूरत होगी. ताकि इसमें स्टेट लेबल, रणजी लेवल, टी-20 और टेस्ट मैच हो सकें. मैदान की बाउंड्री 80 से 85 मीटर तक होगी। मैच फॉर्मेट के साथ मैदान की बाउंड्री को छोटा-बड़ा किया जाएगा, जैसे कि एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सुविधा रहती है। फिलहाल जिलाप्रशासन 10 से 15 किलोमीटर के भीतर जमीन खोजने का काम तेजी से शुरू कर दिया है. जमीन मिलने के बाद स्टेडियम का निर्माण और सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

### टीएनपीएल नीलामी 7 फरवरी को




**चेन्नई,29 दिसम्बर 2023।** तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) की आठ फ्रेंचाइजी को 2023 संस्करण के लिए खिलाड़ियों को बनाए रखने के विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक टीम के लिए नीलामी राशि रु. 70 लाख. जिन खिलाड़ियों को रिलीज़ कर दिया गया है और अन्य खिलाड़ी जो नियमों के तहत पात्र हैं, उनसे 1 से 20 जनवरी तक खिलाड़ियों की नीलामी के लिए पंजीकरण करने का अनुरोध किया जाता है। खिलाड़ियों की नीलामी 7 फरवरी को होगी।

# ऑस्ट्रेलिया के सामने पाकिस्तान हुआ पस्त

» दूसरे टेस्ट में 79 रन से मिली हार
» सीरीज में कंगारुओं को 2-0 की बढ़त





**मेलबर्न,29 दिसम्बर 2023।** ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट में 79 रनों से रौंदकर तीन मैच की इस सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। मेजबानों ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट को 360 रनों से जीता था। मेलबर्न में खेले गए इस टेस्ट मैच कै चौथे दिन कंगारुओं ने मेहमानों के सामने जीत के लिए 317 रनों का लक्ष्य रखा था, इस स्कोर का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 237 रनों पर सिमट गई। पैट कमिंस ने दूसरी पारी में भी पंजा खोला और इस मैच में कुल 10 विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन की शुरुआत 6 विकेट के नुकसान पर 187 रनों से की थी। ऐलक्स कैरी ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर दूसरी इनिंग का स्कोर 262 तक पहुंचाया। कैरी ने 53 रनों की शानदार पारी खेली। उनकी इस पारी के दम पर ही ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान के सामने 317 का लक्ष्य रखने में कामयाब रही। पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में भी निराश किया। शान मसूद और आगा सलमान को छोड़ दें तो कोई बल्लेबाज 50 का आंकड़ा नहीं छू पाया। बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे खिलाड़ियों को अच्छी शुरुआत मिली थी, लेकिन वह इसे बड़े स्कोर में तबदील नहीं कर पाए। बात मुकाबले की करें तो टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में मार्नस लाबुशेन के अर्धशतक के दम पर 318 रन बोर्ड पर लगाए थे। इस स्कोर के सामने पाकिस्तान की टीम 264 रनों पर ढेर हो गई थी जिस वजह से मेजबानों को 54 रनों की बढ़त मिली थी। इसके बाद कंगारुओं ने दूसरी पारी में मिचेल मार्श (96), स्टीव स्मिथ (50) और एलेक्स कैरी (53) की शानदार पारियों के दम पर 262 रन बनाए।

# सेंचुरियन टेस्ट में हार के बाद 16 सदस्यीय टीम का ऐलान




**आवेश खान को मिला मौका**

**नई दिल्ली,29 दिसम्बर 2023।** भारत को सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट में साउथ अफ्रीका के हाथों हार झेलनी पड़ी है। वहीं दो टेस्ट मैचों सीरीज में मेजबान टीम 1-0 से आगे है। अब सीरीज का दूसरा मुकाबला तीन जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा। इस टेस्ट के लिए बीसीसीआई ने स्क्वॉड में बदलाव किया है। जहां बोर्ड ने तेज गेंदबाज आवेश खान को भारतीय टेस्ट टीम के साथ जोड़ा है। उन्हें मोहम्मद शमी की जगह टीम में शामिल किया गया है। सेंचुरियन टेस्ट में भारत का प्रदर्शन लचर रहा जिस कारण मुकाबला तीन ही दिन में खत्म हो गया। भारत एक पारी और 32 रन से हार गया।

पहले टेस्ट में भारतीय गेंदबाजी बेहद खराब रही। मैच के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने भी माना था कि हार का बड़ा कारण गेंदबाजी क्षेत्र रहा है। जिस पिच पर साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज बेहतरीन नजर आ रहे थे वहीं भारतीय गेंदबाज मेजबान टीम के बल्लेबाजों को परेशान करने में नाकामयाब रहे। तेज गेंदबाज आवेश खान को शामिल किया गया है तो संभव है कि उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 में भी शामिल किया गया है। प्रसिद्ध कृष्णा पहले टेस्ट में नाकामयाब रहे, जिस कारण वह दूसरे टेस्ट में जगह बनाने में शायद ही चुने जाएं।

**साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारतीय स्क्वॉयड**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत, अभिमन्यु ईश्वरन, अवेश खान।




### धुल करेंगे दिल्ली की अगुआई

**बडोनी होंगे उप कप्तान**

**नई दिल्ली,29 दिसम्बर 2023।** दिल्ली ने पांच जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट के शुरूआती दो मुकाबलों के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें युवा यश धुल को फिर टीम की कमान सौंपी गयी जबकि आयुष बडोनी उप कप्तान होंगे। भारत को अपनी कप्तानी में 2022 में अंडर-19 विश्व कप खिताब दिलाने वाले 21 वर्षीय धुल पिछले चरण में भी दिल्ली के कप्तान थे। दिल्ली पहले दो मैच में पांच से आठ जनवरी तक पुडुचेरी (अरूण जेटली स्टेडियम) और 12 से 15 जनवरी तक जम्मू कश्मीर (होस्टल ग्राउंड जेकेसीए) से भिड़ेगा।दिल्ली की टीम में अन्य युवा खिलाड़ी वैभव शर्मा, अनुज रावत, ऋतिक शौकीन, जितेश सिंह, शिवम त्रिपाठी और साहिल मल्होत्रा हैं। टीम में भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इशांत शर्मा, नवदीप सैनी और कुलदीप यादव भी मौजूद हैं।सात बार की विजेता दिल्ली पिछले चरण में नॉकआउट चरण में जगह बनाने में विफल रही थी। दिल्ली को ग्रुप डी में पुडुचेरी, जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बड़ौदा और ओडिशा के साथ रखा गया है।




# आईसीसी ने भारतीय खिलाड़ियों पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली,29 दिसम्बर 2023।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहले मुकाबले में मिली हार के बाद भारतीय टीम पर आईसीसी ने जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही टीम इंडिया वर्ल्ड चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान से खिसककर पांचवें नंबर पर पहुंच गई थी। वहीं आईसीसी ने भारत के 2 अहम प्वाइंट्स हटा दिए हैं। भारत अब पांचवें नंबर से छठे नंबर पर खिसक गया है। इसके अलावा आईसीसी ने टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों पर 10 फीसदी का जुर्माना भी लगाया है। इससे भारत को तगड़ा नुकसान हुआ है। जिसके बाद भारत पूरी तरह से बैकफुट पर आ गया है। सेंचुरियन टेस्ट में भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ धीमी ओवर डाले थे, जिस कारण से आईसीसी ने भारतीय टीम पर जुर्माना ठोक दिया। आईसीसी ने सभी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना लगाया है औस साथ ही दो अहम अंक भी घटा दिए हैं। इससे भारत को प्वाइंट्स टेबल में काफी नुकसान हुआ है। मेजबान टीम के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मुकाबले में भारतीय टीम की तरफ से गेंद और बल्ले दोनों से बेहद खराब प्रदर्शन देखने को मिला। जिस कारण से मेजबान टीम ने मेहमान टीम के खिलाफ इस मुकाबले को एक इनिंग और 32 रनों से जीत लिया। अब भारत इ गलती को सीरीज के दूसरे मुकाबले में नहीं दोहराना चाहेगा।

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में साउथ अफ्रीका के कप्तान होंगे डीन एल्गर

**टेम्बा बावुमा की जगह लेंगे**




**नई दिल्ली,29 दिसम्बर 2023।** भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज के बाद क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी डीन एल्गर केपटाउन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिये कप्तान होंगे। दरअसल, वह चोटिल तेंबा बावुमा की जगह दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी संभालेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट के बाद कहा कि, बावुमा दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। बावुमा को पहले दिन फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और वह मैच में आगे नहीं खेल सके थे। उनकी गैर मौजूदगी में एल्गर ने ही कप्तानी की। दक्षिण अफ्रीका ने पहला टेस्ट एक पारी और 32 रन से जीता। शतक जमाने वाले एल्गर को प्लेयर आफ द मैच भी चुना गया।

बावुमा की जगह जुबैर हमजा तीन जनवरी से केपटाउन में होने वाला दूसरा टेस्ट खेलेंगे। एल्गर इससे पहले भी दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी कर चुके हैं। भारतीय टीम के पिछले दक्षिण अफ्रीका दौरे पर 2021 . 22 में पहला टेस्ट हारने के बाद उनकी कप्तानी में शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 2 . 1 से जीत दर्ज की थी।

### प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में आर्सेनल की हार



**अर्जेटाईना,22 दिसम्बर 2023।** प्रीमियर लीग फुटबाल टूर्नामेंट में आर्सेनल की टीम को करारी हार झेलनी पड़ी है। वहीं टोटेनहम हॉटस्पर की टीम को रोमांचक मैच में हार का सामना करना पड़ा है। आर्सेनल की टीम के पास प्रीमियर लीग में वापसी का मौका था लेकिन वह वेस्टहैम से 2-0 से हार गया। वहीं टोटेनहम की टीम के मैच में कुछ 6 गोल किए फिर भी टोटेनहैम मैच में जीत नहीं दर्ज कर पाया।

वेस्टहैम की टीम ने आर्सेनल को 2-0 से हरा दिया है। इसके बाद प्रीमियर लीग में वेस्ट हैम को 10वीं जीत मिली। फिलहाल वेस्टहैम की टीम 10 जीत के साथ कुल 33 प्वाइंट लेकर छठें स्थान पर काबिज हो गई है। जबकि इस हार के बाद आर्सेनल की टीम 12 जीत और 4 हार के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है। आर्सेनल की टीम कुल 40 प्वाइंट के साथ दूसरे पोजिशन पर है। लीग में लिवरपूल अभी भी 42 अंकों के साथ नंबर 1 पर काबिज है।

### कौन मेरा विश्व रिकॉर्ड सबसे पहले तोड़ेगा,इसकी चिंता नहीं:उसैन बोल्ट




**नई दिल्ली,29 दिसम्बर 2023।** डबल (100 मीटर और 200 मीटर) विश्व रिकॉर्ड धारक और आठ बार के ओलंपिक चैंपियन यूसेन बोल्ट इस बात से चिंतित नहीं हैं कि कोई उनका विश्व रिकॉर्ड तोड़ेगा, उन्होंने कहा, उन्हें इसकी चिंता नहीं है।

पूरी दुनिया के सबसे तेज़ आदमी ने 2009 में बर्लिन, जर्मनी में विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर का विश्व रिकॉर्ड 9.58 सेकंड का और 200 मीटर का विश्व रिकॉर्ड 19.19 सेकंड का बनाया था। 2017 से एथलेटिक्स से सेवानिवृत्त होने के बावजूद, जमैकन के पास अभी भी दुनिया के सबसे तेज़ आदमी का खिताब है।वर्ल्ड एथलेटिक्स के साथ एक इंटरव्यू में बोल्ट से पूछा गया कि उनका कौन सा रिकॉर्ड सबसे पहले टूटेगा। उन्होंने उत्तर दिया- उनमें से किसी के बारे में चिंतित नहीं हूं।ट्रिपल विश्व चैंपियन नूह लायल्स, अफ्रीका के सबसे तेज़ आदमी फर्डिनेंड ओमानयाला और पूर्व विश्व चैंपियन फ्रेड केर्ली विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखने वाले एथलीटों में से हैं। हालाँकि, इनमें से किसी ने भी अब तक यह उपलब्धि हासिल नहीं की है।

100 मीटर और 200 मीटर दोनों स्पर्धाओं में मौजूदा विश्व चैंपियन लायल्स ने 2023 में बोल्ट के 200 मीटर के 19.19 के रिकॉर्ड को निशाना बनाया लेकिन वह अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर सके। अमेरिकी का 19.31 राष्ट्रीय रिकॉर्ड अब तक का तीसरा सबसे तेज़ समय बना हुआ है।

### कृति खरबंदा ने बॉयफ्रेंड पुलकित सम्राट को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं




अभिनेता पुलकित सम्राट के जन्मदिन के अवसर पर, उनकी प्रेमिका और अभिनेता कृति खरबंदा ने उनके लिए एक प्यारी सी जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, सबसे बड़े दिल और सबसे शुद्ध आत्मा वाला लड़का! तुम्हारे साथ हर दिन एक रोमांच है, कभी भी सुस्त पल नहीं होता। तुम्हें प्यार करना मेरे लिए अब तक हुई सबसे अच्छी चीजों में से एक है। मैं' मैं एक भाग्यशाली लड़की हूँ! इस दुनिया में और मेरे जीवन में आने के लिए धन्यवाद। मैं तुम्हें आज और हर दिन प्यार करता हूँ! इस प्यारी सी शुभकामना के साथ, कृति ने पुलकित के साथ अपनी कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। पहली तस्वीर में कृति ने हल्के नीले रंग की डेनिम पैंट के साथ नियॉन क्रॉप टॉप पहना था। वहीं पुलकित ने रग्ड डेनिम पैंट के साथ सफेद टी-शर्ट पहनी थी। एक अन्य स्लाइड में एक वीडियो दिखाया गया है जिसमें दोनों को एक पार्टी में डांस करते देखा जा सकता है। आखिरी स्लाइड में एक तस्वीर दिखाई गई जिसमें दोनों को कैजुअल आउटफिट में सीढ़ियों पर बैठे देखा जा सकता है।

### लगातार 15 हिट फिल्में देकर बाप बना बॉलीवुड का पहला सुपरस्टार

**बेटी ने एक के बाद एक फ्लॉप देकर छोड़ी एक्टिंग**




बॉलीवुड में पहली बार किसी ने असल स्टारडम देखा तो वो थे राजेश खन्ना। एक्टर की कमाल की फैन फॉलोइंग थी। उनकी एक झलक के लिए लड़कियों की भीड़ लग जाती थी। काका के नाम से मशहूर राजेश खन्ना बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार बने। जतिन से राजेश खन्ना बनने का उनका सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। वैसे आज राजेश खन्ना की 81 वीं जयंती है। राजेश खन्ना के जन्मदिन का ये खास मौका उनके लिए इसलिए भी ज्यादा खास रहा क्योंकि ठीक इसी दिन उनकी बड़ी बेटी ट्विंकल खन्ना का भी जन्म हुआ, यानी ट्विंकल खन्ना और राजेश खन्ना दोनों एक ही बर्थ डेट साझा करते है।

**लगातार 15 फिल्में रहीं सुपरहिट**


जहां राजेश खन्ना का किरयर ग्राफ एक अलग उड़ान दिखाता है, वहीं उनकी बेटी ट्विंकल खन्ना का एक्टिंग करियर डामाडोल ही रहा। 3 साल तक राजेश खन्ना की एक भी फिल्म फ्लॉप नहीं हुई। इस दौरान उन्होंने एक के बाद एक कल्ट फिल्में दीं। इस दरमियां राजेश खन्ना की हिट फिल्मों की लिस्ट में 15 फिल्में जुड़ीं। ये एक ऐसा रिकॉर्ड हैं, जो अब तक कोई तोड़ नहीं सका। लगातार हिट फिल्मों को देखते एक ऐसा दौर भी आया जब राजेश खन्ना खुद कहने लगे थे कि वो फ्लॉप फिल्मों के लिए तरस गए हैं। राजेश खन्ना अपने करियर में 14 बार फिल्मफेयर अवॉर्ड्स के बेस्ट एक्टर कैटेगरी के लिए नॉमिनेट हुए 3 बार उन्होंने ये खिताब अपने नाम भी किया।

**इस फिल्म से ट्विंकल ने की शुरुआत**

वहीं बेटी ट्विंकल खन्ना का फिल्मी करियर ग्राफ कुछ खास नहीं रहा। मॉडलिंग की दुनिया में कई मैगजीन के कवर पेज पर छाने के बाद ट्विंकल खन्ना ने फिल्मी दुनिया की ओर रुख किया। बॉबी देओल के साथ उन्होंने फिल्मी सफर का पहला पड़ाव तय किया, यानी पहली फिल्म बरसात रही। ट्विंकल और बॉबी देओल दोनों ही फ्रेश फेस थे और स्टार किड्स भी। ऐसे में दोनों पर लोगों की नजरें थीं। पहली फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला, लेकिन इसके बाद उनका करियर ग्राफ ऊपर जाने के बजाए नीचे की ओर चल पड़ा। एक्ट्रेस की एक के बाद एक फ्लॉप फिल्में आने लगीं।

**ऐसा रहा ट्विंकल का फिल्मी सफर**

दिल तेरा दीवाना, उफ्फ ये मोहब्बत, इतिहास ये तीनों फिल्में एक के बाद एक फ्लॉप रहीं। ऐसे में फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में ट्विंकल ने हैटट्रिक मार दी। इस दौरान जब प्यार किसी से होता है भी आई, ये फिल्म भी खासा कमाल नहीं कर पाई। इसके बाद जोरू का गुलाम और इंटनेशनल खिलाड़ी ने मामला और खराब कर दिया। बादशाह को थोड़ा बहुत पसंद किया गया, लेकिन मेला डिजास्टर साबित हुई। ऐसे में ट्विकल खन्ना ने तय कर लिया की वो फिल्मी दुनिया से अब दूर ही रहेंगी। एक्ट्रेस ने एक्टिंग छोड़ दी और अक्षय कुमार से शादी कर ली। फिलहाल अब 49 साल ट्विंकल खन्ना एक्ट्रेस से राइटर बन गई हैं।



### एनिमल में हॉट सीन से गर्दा उड़ाने के बाद तृप्ति डिमरी ने फिर लूटी महफिल

एनिमल की रिलीज के बाद से ही तृप्ति डिमरी रातों-रात स्टार बन गई हैं। उन्हें नेशनल क्रश कहा जाने लगा है। आज तृप्ति के फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहने लगे हैं। एक्ट्रेस भी चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अब फिर से तृप्ति ने अपनी स्टनिंग अदाएं दिखाते हुए कई फोटोज शेयर की हैं. इस बार एक्ट्रेस देसी लिबास में नजर आ रही हैं। लेटेस्ट लुक में तृप्ति व्हाइट पर्ल लहंगा पहने हुए नजर आ रही हैं. इसके साथ उन्होंने डीपनेक डिजाइनर ब्लाउज पेयरअप किया है। तृप्ति ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड रेड लिप्स और न्यूड आई मेकअप रखा है। वहीं, उन्होंने बालों को हाफ बांधकर मैसी टच दिया है। एक्सेसरीज के तौर पर तृप्ति ने गले में कुंदन का नेकपीस और छोटे-छोटे ईयरिंग्स पहने हैं। तृप्ति इस एथनिक लुक में बेहद खूबसूरत और हॉट दिख रही हैं। फैंस तो उनकी अदाओं से नजरें ही नहीं हटा पा रहे हैं। चाहने वालों ने एक्ट्रेस की तारीफों के पुल बांधते हुए कई कमेंट्स किए हैं। इसके बाद अलावा लोगों ने उन्हें एनिमल के कैरेक्टर के साथ जोड़ते हुए भाभी 2 भी कहा है. कुछ ही समय में तृप्ति की फोटोज पर लाखों लाइक्स फआ चुके हैं, जो तेजी से बढ़ रहे हैं।

# हो गया छत्तीसगढ़ के नए मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा

## छत्तीसगढ़ में मंत्रियों के बीच विभागों के बंटवारे का इंतजार खत्म हो गया है...सामान्य प्रशासन विभाग ने आज यह सूची जारी कर दी...

» **सीएम और डिप्टी सीएम सहित 12 मंत्रियों को मिला कौन-कौन सा विभाग**

**रायपुर,29 दिसम्बर 2023(ए)।** साय सरकार में आज विभागों का बंटवारा कर दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने पास सामान्य प्रशासन, खनिज साधन, ऊर्जा, जनसंपर्क, वाणिज्यिक कर (आबकारी), परिवहन विभाग रखा है। साथ ही जो विभाग किसी मंत्री को आबंटित नहीं किए गए हैं उन विभागों की जिम्मेदारी भी मुख्यमंत्री के अधीन होगी।उप मुख्यमंत्री अरूण साव को लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य एवं नगरीय प्रशासन, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, बृजमोहन अग्रवाल को स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति, राम विचार नेताम को आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास किसान कल्याण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दयाल दास बघेल खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, केदार कश्यप को वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन,कौशल विकास एवं सहकारिता, लखनलाल देवांगन वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम, श्याम बिहारी जायसवाल लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, ओपी चौधरी वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी, लक्ष्मी राजवाडे महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण, टंक राम वर्मा खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग संभालेंगे।




### छत्तीसगढ़ के नए मंत्रिमंडल में से किस मंत्री को मिला कौन सा विभाग

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय**
सामान्य प्रशासन, खनिज साधन,ऊर्जा एवं जनसंपर्क, वाणिज्यकर,(आबकारी), परिवहन एवं अन्य विभाग जो किसी मंत्री को आबंटित न हो

**उप मुख्यमंत्री अरुण साव**
लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,विधि एवं विधायी कार्य

**उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा**
गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास,तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार,विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

**बृजमोहन अग्रवाल**
स्कूल एवं उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य,धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग

**रामविचार नेताम**
आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास,कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग

**केदार कश्यप**
वन एवं जलवायु परिवर्तन, जलसंसाधन,कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग

**दयालदास बघेल**
खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण विभाग

**ओपी चौधरी**
वित्त, वाणिज्य कर,आवास एवं पर्यावरण,योजना आर्थिक एवं संख्यिकी विभाग

**लखनलाल देवांगन**
वाणिज्य,उद्योग एवं श्रम विभाग

**लक्ष्मी राजवाड़े**
महिला एवं बाल विकास विभाग,समाज कल्याण विभाग

**श्याम बिहारी जायसवाल**
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा बीस सूत्रीय कार्यन्वयन विभाग

**टंकराम वर्मा**
खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन

---

## संक्षिप्त खबरें

### नए वर्ष के स्वागत के लिए फिर सकता है पानी



» **मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट**

» **31 दिसंबर से 2 जनवरी तक भारी वर्षा की चेतावनी**

**रायपुर,29 दिसम्बर 2023(ए)।** इस बार नए साल के जश्न में बारिश अड़चन बन सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 5 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 31 दिसंबर और 1 जनवरी के लिए चेतावनी जारी की है। विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी से निचले स्तर की पूर्वी हवाओं के कारण 31 दिसंबर, 2023 से 2 जनवरी, 2024 के दौरान उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हल्की छिटपुट वर्षा होने की संभावना है। वहीं विभाग ने 31 दिसंबर, 2023 से 3 जनवरी, 2024 तक भारत के दक्षिणी हिस्से के कुछ राज्य, जैसे कि तमिलनाडु और केरल में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

### नक्सलियों ने फिर निकाली रैली



**बस्तर,29 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में पिछले सप्ताहभर से फोर्स नक्सलियों के खिलाफ अटैकिंग मोड पर है। अब नक्सलियों को डर है कि कहीं जवान उनके कामरेडों की पहचानकर उनका एनकाउंटर न कर दे। इसलिए अब नक्सली अपने आयोजन में शामिल हथियारों से लैस साथियों की वीडियो और फोटो ब्लर कर जारी करने लगे हैं। हालांकि, पिछले कुछ सालों में ऐसा पहली बार हुआ है।

### 5 लाख का इनामी समेत 2 नक्सली गिरफ्तार



**सुकमा,29 दिसम्बर 2023(ए)।** राज्य को नक्सल मुक्त बनाने को लेकर छत्तीसगढ़ पुलिस और सुरक्षाबलों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच सुकमा में पुलिस को नक्सलियों को पकड़ने में बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुरक्षा बल के जवानों ने एक इनामी समेत दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं।


---

# छत्तीसगढ़ के आईपीएस हैं केंद्र सरकार के रडार पर

**125 से अधिक अधिकारियों से मांगा संपत्तियों का ब्योरा**

**रायपुर,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** आय से अधिक संपत्ति मामले में छत्तीसगढ़ के कई आईपीएस अधिकारी केंद्र सरकार की रडार पर हैं। यही कारन है की अब केंद्र उनसे उनके ही संपत्तियों का ब्योरा मांग रहे है। ऐसा न करने पर आईपीएस अधिकारियों को वेतन भुगतान में असुविधा हो सकती है। आपको बता दें कि इस वक्त राज्य में 125 से ज्यादा आईपीएस अधिकारी अलग-अलग जिलों में तैनात हैं।

मालूम हो कि इन दिनों प्रदेश समेत देशभर में कई अधिकारी भ्रष्टाचार, महादेव सट्टा एप और आय से अधिक मामले में संलिप्त नजर आ रहे हैं, ऐसे में उन पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से उनकी संपत्तियों का ब्योरा मांगा गया है।




**ऑनलाइन जमा करा सकते हैं ब्यौरा**

गृह मंत्रालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को सूचना प्रसारित कर में इस वर्ष के लिए अचल संपत्ति रिटर्न 2023 को मौजूदा nic-e-Mail आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके पर 31 जनवरी 2024 तक ऑनलाइन दाखिल करना आवश्यक है।

गृह मंत्रालय द्वारा जारी सूचना में ऑनलाइन अचल संपत्ति रिटर्न (आईपीआर) भरने की सुविधा के लिए एक 'उपयोगकर्ता मैनुअल' का उल्लेख किया गया है,जो स्पैरो (स्मार्ट परफॉर्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट रिकॉर्डिंग ऑनलाइन विंडो) के मुख्य पेज पर उपलब्ध है। सूचना में कहा गया है कि वर्ष 2023 के लिए अचल संपत्ति रिटर्न ऑनलाइन दाखिल करने के बाद, स्पैरो के तहत पहले से जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र का उपयोग करके प्रमाणित किया जाना आवश्यक है। नोट में बताया गया है कि किसी अन्य रूप में दाखिल अचल संपत्ति रिटर्न स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**अचल सम्पत्ति रिटर्न फाइल करना अनिवार्य**

सूचना में बताया गया है कि अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम, 1968 के नियम 16 के तहत अचल संपत्ति रिटर्न दाखिल करना सभी आईपीएस अधिकारियों के लिए अनिवार्य है, यदि अधिकारी आईपीआर (ऑनलाइन) जमा करने में विफल रहता है। निर्धारित समय सीमा के भीतर, DoPT (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) कार्यालय ज्ञापन संख्या 104/76/2022-AVD.IA दिनांक 28 सितंबर, 2022 के अनुसार उसकी सतर्कता मंजूरी से इनकार कर दिया जाएगा। इसके अलावा, गृह मंत्रालय ने याद दिलाया कि 30 दिसंबर, 2021 की डीओपीटी अधिसूचना के अनुसार, वेतन मैट्रिक्स में वेतन के अगले स्तर पर नियुक्तियों के लिए समय पर आईपीआर जमा करना अनिवार्य कर दिया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा आईपीआर दाखिल करने में देरी को माफ करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

---

# जनवरी से 500 में गैस सिलेंडर दे सकती है साय सरकार

**रायपुर,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से चार बार सासंद रह चुके विष्णुदेव साय अब प्रदेश के मुख्यमंत्री बन चुके हैं। सीएम बनने के बाद विष्णुदेव साय अपने क्षेत्र पहुंचे और यहां आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। सीएम साय ने पहली बार अपने स्कूटर में पहुंचने के बाद कहा कि, सीएम बनने के बाद आज पहली बार अपने क्षेत्र में पहुंचा हूं। ग्रामीणों ने बेहद आत्मीयता से मेरा स्वागत किया है मैं उनका आभारी हूं।



इसके बाद सीएम विष्णुदेव साय ने भुइयां पानी गांव में बिरहोर आदिवासियों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कहा कि, रायगढ़ जिले में बिरहोर जाति के सिर्फ 1100 लोग हैं। राष्ट्रपति के ये दत्तक पुत्र कहे जाते हैं, पूरे प्रदेश में इनकी संख्या भी बेहद कम है। योजना के तहत इनका राशन कार्ड बन रहा है, इन्हे गैस सिलेंडर दिया जा रहा है, आधार कार्ड बन रहा है। 5 जनवरी तक उनके सारे डॉक्यूमेंट बन जाएंगे। इसके साथ ही सीएम साय ने कहा कि, हम 500 में ही गैस सिलेंडर देंगे।

---

## सामूहिक आत्महत्या को लेकर बीजेपी पर पूर्व पीसीसी अध्यक्ष दीप बैज का तंज

# मोदी सरकार की महंगाई और बेरोजगारी सुसाइड का कारण

**पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि,भाजपा के सरकार बनने के बाद प्रदेश में आत्महत्या बढ़ी**

**रायपुर,29 दिसम्बर 2023(ए)।** राजधानी में कल हुए सामूहिक आत्महत्या को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार पर तंज कसा है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि, भाजपा के सरकार बनने के बाद प्रदेश में आत्महत्या बढ़ी है। इसका कारण है मोदी सरकार की महंगाई और बेरोजगारी।दीपक बैज ने कहा, भाजपा की सरकार से हमारे प्रदेश की जनता हतोत्साहित है। गंभीर मामला होगा तो इस पर हम जांच कमेटी गठित करेंगे। हमारी सरकार में एक बटन दबाने के बाद हितग्राहियों को पैसे जाते थे। भाजपा की सरकार बनने के बाद लाभ मिलना बंद हो गया है। यही लोगों के आत्महत्या का कारण है.। सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक नही पहुंच पा रही है। इसी निराशा के कारण लगातार आत्महत्या बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि,कल रायपुर के मठपुरैना बीएसयूपी कॉलोनी में पति-पत्नी और बेटी ने खुदकुशी कर ली थी. तीनों ने घर के कमरे में फांसी लगा ली।



### पैसों की तंगी के चलते सामूहिक सुसाइड,टिकरापारा केस में अपडेट

राजधानी के टिकरापारा थाना क्षेत्र में सामने आएं सामूहिक आत्महत्या के पीछे की वजहें स्पष्ट होती नजर आ रही हैं। पुलिस और एफएसएल की टीम के हाथ मृत परिवार का एक सुसाइड नोट हाथ लगा है जिसमें उन्होंने आत्महत्या की वजहों का खुलासा किया है। हालाँकि पुलिस की तरफा से वजहों की पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों की माने तो पूरे परिवार ने यह आत्मघाती कदम पैसों की तंगी के चलते उठाया है।गौरतलब है कि रायपुर के चंगोराभाठा बीएसयूपी मकान से उठ रही तेज सड़ांध के बाद पड़ोसियों ने इसकी सूचना टिकरापारा पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस जब भीतर दाखिल हुई तो नजारा देखकर वह भी दंग रह गए। कमरे में तीन लोगों के शव फंदे पर झूल रहे थे। तीनों ने एक ही नायलोन की रस्सी से आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड करने वालों में लखन लाल सेन पिता भोकराम सेन (48), मृतिका रानू सेन पति लखन लाल सेन (42) और मृतिका पायल सेन पिता लखन लाल सेन (14) शामिल थे।

---

# कलेक्टर को कोट और टाई नहीं पहनने पर मिली फटकार

**बिलासपुर ,29 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण को कोट और टाई पहनकर नहीं आने पर जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कलेक्टर से कहा कि कम से कम टाई तो लगा ही लेते। शीतकालीन अवकाश के बीच चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



दरअसल, अव्यवस्था, दवाओं की कमी, पार्किंग की समस्या को लेकर कई खबरें प्रकाशित हुई हैं। इसे लेकर हाईकोर्ट ने स्वयं संज्ञान लिया। चीफ जस्टिस ने जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल के साथ मामले की सुनवाई की। इस दौरान कलेक्टर अवनीश शरण और सिम्स डीन डॉ. केके लहरे को तलब किया गया था। सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने कलेक्टर अवनीश शरण से पूछा कि आप बिना ड्रेस कोड के कोर्ट में कैसे पहुंच गए? इस पर कलेक्टर ने बताया कि, वे दफ्तर में थे। इसी बीच उन्हें कोर्ट आना पड़ा। तब चीफ जस्टिस ने कहा, टाई तो लगाकर आना चाहिए था। दरअसल, कलेक्टर के ड्रेस कोड में कोट-पैंट और टाई निर्धारित है।

---

# छत्तीसगढ़ में गोबर और गोमूत्र से बनी देश की पहली चटाई



**54 कारीगरों ने 11 माह में किया तैयार,पीएम मोदी को करेंगे भेंट**

**राजनांदगांव/रायपुर, 29 दिसम्बर 2023(ए)।** आपने प्लास्टिक, कपड़ा के ही चटाई देखे होंगे। लेकिन छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिले के गोशाला के कारीगरों ने गोबर और गोमूत्र की चटाई बनाकर सबको चौंका दिया है। गोबर और गोमूत्र से बनी चटाई को देश की पहली चटाई बताई जा रही है। यहीं नहीं गोबर और गोमूत्र की चटाई को पीएम नरेंद्र मोदी को भेंट की जाएगी। सुरक्षा जांच के लिए जल्द दिल्ली भेजी जाएगी।खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के धरमपुर रोड स्थित मनोहर गौशाला में सौम्या कामधेनु गाय के 100 किलो गोबर और गौमूत्र से देश की पहली चटाई बनाई है। 14.5 किलो वजनी चटाई को 54 कारीगरों ने मिलकर 11 महीने में तैयार किया है। कारीगरों ने बताया कि गोबर की कालीन, चरक ऋषि की चरक चटाई है। इसका शास्त्रों में भी वर्णन है। हमने उसे ही बनाने की कोशिश की है।

**पांच वर्षों का संघर्ष अब हुआ पूरा**

चटाई को बनाने कारीगर बीते पांच साल से मेहनत कर रहे थे। पांच वर्षों संघर्ष अब पूरा हो गया है। गोशाला संचालक अखिल पदम डाकलिया ने बताया कि यह चटाई पूरी तरह से गोमूत्र और सौम्या कामधेनु गाय के गोबर से बनी है। पांच साल से इसे बनाने की कोशिश कर रहे थे। हमने यह चटाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तैयार की है। इससे पहले हम गौशाला में गोबर के दीये, राखी, ब्रेसलेट और गणपति जी भी बनाते हैं। राज्यपाल अनुसुईया उईके ने पीएम मोदी को गोबर की राखी बांध चुकी है।

---

## सरकार की सभी योजनाओं का लाभ कवर्धा की जनता को मिलेगाः विजयशर्मा

**रायपुर, 29 दिसम्बर 2023(ए)।** गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का प्रभार संभालने वाले उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शुक्रवार को कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खारा, निवासपुर, उसरवाही, लोहारीडीह, भेलवाटोला, खम्हरिया में जनसंपर्क कर लोगों से मुलाकात की।


इस दौरान क्षेत्र की जनता ने बड़ी संख्या में पहुंचकर उपमुख्यमंत्री शर्मा का स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत शर्मा ने क्षेत्र की जनता का आभार माना। जनता ने शर्मा को अपनी समस्याओं से अवगत भी कराया।

लउपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा की जनता ने जो आशीर्वाद दिया है, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूँ। अब हमें कवर्धा के विकास के लिए मिलकर कार्य करना है और सरकार की सभी योजनाओं का लाभ कवर्धा की जनता को मिले और उनकी ज़रूरतें भी पूरी हो, इस दिशा में कार्य करना है।



कांग्रेस राज के दौरान कवर्धा में जो अशांति फैली हुई थी, उसे दूर कर अब हमें मिलकर कवर्धा सहित पूरे छत्तीसगढ़ का विकास करना है। शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं का लाभ पूरी जनता को मिले इसके लिए भी हमें कार्य करना है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही भाजपा ने जो घोषणाएँ की हैं, उन्हें पूरा करना प्रारंभ कर दिया गया है। सबसे पहले प्रदेश में लंबित 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरा करने की दिशा में राज्यांश देने की घोषणा करके प्रदेश की गरीब जनता को पक्की छत देने का अनुकरणीय कार्य किए हैं।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)